UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

4 गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

5 पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है, हम...

6 गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का आवाहन

● वर्ष : 08 ● अंक : 44 ● लखनऊ, सोमवार 27 मई 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

बोले सीएम, गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान का परिवार बताता है

# ये कोरा झूठः योगी

संवाददाता

**लखनऊ।** हम रामभक्त हैं, तबतक चैन की सांस नहीं लेंगे, जबतक पापियों का अंत नहीं कर देते। आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुःसाहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। जो मफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज यूपी का बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है।

गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है। जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत, जो आज दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हुआ है। जिसने दुनिया में अपने सम्मान को मजबूती के साथ बढ़ाया है। कांग्रेस-सपा के लोग सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण नहीं कर सकते। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण नहीं कर सकते। आराध्यों के पवित्र स्थलों का सुंदरीकरण भी नहीं कर सकते तो इन समस्याओं को सिर पर ढोने की आवश्यकता नहीं है।

सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी चार जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली, गाजीपुर और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए प्रचारा किया। इस दौरान उन्होंने पांचों लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।



*पकाशी व चंदौली में विकास बुलेट की स्पीड से आता दिख रहा है। हमारी सरकार बाबा कीनाराम की जन्मभूमि पर उनके मंदिर को दिव्य-भव्य रूप देने के लिए कार्य करा रही है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस का गठबंधन अनर्थकारी है। दो लड़कों की जोड़ी जब भी मिली है तो अनर्थ की है।*

**योगी आदित्यनाथ,मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

## ...हरि बिनु मरहिं न निसिचर पापी

*मुख्यमंत्री ने महाराज गाधि की पावन धरा, स्वतंत्रता सेनानियों और आजाद भारत की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले महान बलिदानियों की धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि 2014 के पहले हम सब नारा लगाते थे, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा और कांग्रेस के लोग हमपर हंसते थे। सीएम ने कहा कि महाराज गाधि के पुत्र महर्षि विश्वामित्र ने इसी धरती से शंखनाद करते हुए कहा था, गाधितनय मन चिंता ब्यापी, हरि बिनु मरहिं न निसिचर पापी।*

*उन्होंने कहा कि माफिया, अपराधी, नक्सलवादी और आतंकवादियों को मारने के लिए भाजपा आवश्यक है। कहा कि सुरक्षा और कानून का राज सुशासन की पहली शर्त होती है। यूपी का बुलडोजर आज गरीबों, सज्जनों, बेटियों और व्यापारियों को अभय प्रदान कर रहा है।*

## रेमल चक्रवात ने दी दस्तक, कई जगहों पर जारी है तेज बारिश

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान रेमल ने बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों में दस्तक दे दी है। प्रचंड रूप अख्तियार कर चुके इस चक्रवात का लैंडफॉल शुरू हो गया है। रविवार आधी रात तक बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि रेमल के तटों पर पहुंचने पर 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और उनका वेग 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगा। चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा और कोलकाता एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। रेमल चक्रवात को लेकर पीएम मोदी भी एक्शन में नजर आए। पीएम नरेंद्र मोदी ने चक्रवात रेमल को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की और परिस्थिति के बारे में जानकारी ली।

मौसम कार्यालय ने बताया कि रेमल उत्तर की ओर बढ़ रहा है और रविवार आधी रात तक मोंगला बंदरगाह के दक्षिण-पश्चिम के निकट सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) और खेपुपारा (बांग्लादेश) के बीच तटों को पार करने से पहले इसके और तेज होने की संभावना है।

# 10 से ज्यादा हुए पेपर लीक

## बलिया में अखिलेश यादव ने बीजेपी पर कसा सियासी तंज

संवाददाता

**बलिया।** अखिलेश यादव ने कहा कि सातवें चरण में इंडिया गठबंधन तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो लोग 400 का नारा दे रहे, जनता उन्हें 140 सीटों में ही समेट देगी। अखिलेश ने कहा कि हमारी सरकार बनेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी।

सलेमपुर लोकसभा सीट के बेल्थरारोड स्थित जीएमएएम इंटर कॉलेज मैदान में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से हवा चली थी। सातवें चरण में ज्यादा उत्साह से इंडी गठबंधन तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो 400 का नारा दे रहे थे, वह 400 से हार कर जाएंगे। जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इस गुस्से का सामना भाजपा नहीं कर पाएगी। झूठे वादे करने वाले छठे चरण में 400 से हार रहे हैं। 140 सीटें जीतने जा रहे हैं। देश की जनता 140 पर इन्हें समेट देगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों से झूठ बोल कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य भी नहीं दिलवा सकी। खाद में चोरी की गई। जिस तरह से बड़े-बड़े उद्योगपति भारत छोड़ कर चले गए उसी तरह से नैनो यूरिया वाले भी देश छोड़ कर चले जाएंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ होगा।



*इस सरकार में 10 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। गरीबों पर भाजपा की सरकार बुलडोजर चलवा देती है, लेकिन पेपर लीक करने वालों पर बुलडोजर नहीं चला। जो नौजवान नौकरी के लिए तैयारी करते थे, इस सरकार ने चार साल की अग्निवीर की व्यवस्था कर नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था को समाप्त कर स्थायी नौकरी दी जाएगी।*

### बिजली की रफ्तार से कमांडो ने पकड़ा



अखिलेश यादव मंच पर बैठे थे। सपा प्रमुख की सुरक्षा के लिए उनके कमांडो भी मंच पर तैनात थे। इसी दौरान एक व्यक्ति अखिलेश की तरफ दौड़ता हुआ मंच की तरफ बढ़ा। युवक को अखिलेश के मंच की तरफ भागता देखकर दो कमांडो बिजली गति से भागे और उसे मंच पर चढ़ने से पहले ही धर दबोचा। कमांडो ने युवक को पकड़कर मंच से नीचे गिरा दिया। इस दौरान एक पुलिसकर्मी मंच के पास पहुंचा और युवक को पकड़ कर पंडाल में ले गया। जानकारी करने पर पता चला कि मंच की तरफ जो व्यक्ति जा रहा था वह कुछ कागज लेकर आया था, जो अखिलेश को देना चाहता था लेकिन उससे पहले ही कमांडो ने युवक को धर दबोचा।

## आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे को मिल गया सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडे के कार्यकाल का विस्तार किया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने आज सेनाध्यक्ष के सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी। रिपोर्ट के मुताबिक, पांडे के रिटायर होने का समय 31 मई, 2024 था जिसे 30 जून तक यानी एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। मालूम हो कि 30 अप्रैल, 2022 को मनोज पांडे को सीओएएस के रूप में नियुक्त किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय की ओर से रविवार को इसे लेकर विज्ञप्ति जारी की गई। इसमें बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे।

# तंबाकू, गुटखा और पान मसाला पर बैन

तेलंगाना सरकार का बड़ा ऐक्शन

एजेंसी

***जारी आदेश में कहा गया, तेलंगाना सरकार गुटखा/पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पाबंदी लगाती है। ये वे प्रोडक्ट हैं जिनमें तंबाकू और निकोटीन होता है।***

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने राज्य में तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर रोक लगा दी है। यह पाबंदी 24 मई, 2024 से एक साल के लिए लगाई गई है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यह प्रतिबंध सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए लिया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निषेध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत इसे लागू किया जाएगा।

आदेश में कहा गया, तेलंगाना सरकार गुटखा/पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पाबंदी लगाती है। ये वे प्रोडक्ट हैं जिनमें तंबाकू और निकोटीन होता है और जो पाउच/पैकेज/कंटेनर आदि में पैक किए जाते हैं। इसे अलग-अलग जगहों पर किसी भी नाम से बुलाया जा सकता है। यह प्रतिबंध 24 मई, 2024 से एक साल की अवधि के लिए पूरे तेलंगाना में लागू होगा।



रिपोर्ट के मुताबिक, गुटका और पान मसाला के सेवन से स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम रहता है। इसे देखते हुए ही यह कदम उठाया गया है। इनसे मुंह के कैंसर, सबम्यूकस फाइब्रोसिस और दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है।

# थर-थर कांप रहे हैं माफिया

संवाददाता

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया के सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। पीएम ने कहा कि सपा सरकार में जनता थर थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर थर कांप रहे हैं। पीएम मोदी रविवार को यहां मझवां में मीरजापुर से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर पारिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।



### ज्येष्ठ का महीना हमारी परंपरा में विशेष

पीएम मोदी ने मां विंध्यवासिनी, बड़ी शीतला, मां अष्टभुजी और काली खोह को प्रणाम करते हुए कहा कि ज्येष्ठ का महीना हमारी परंपरा में विशेष होता है। इसका हर मंगलवार बहुत खास होता है। कोई इसे बड़ा मंगल कहता है, तो कोई बुढ़वा मंगल। इस बार ये बुढ़वा मंगल और भी विशेष है क्योंकि 500 साल बाद ये पहला बड़ा मंगल होने वाला है, जब बजरंगबली के आराध्य प्रभु श्रीराम अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजे होंगे। ये इतनी बड़ी खुशी है कि हम सब से ज्यादा तो बजरंगबली खुश होंगे। ये मंगल अवसर और इतना बड़ा पुण्य कार्य आपके एक वोट के कारण आया है।

**कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ाः** प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। ये लोग घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया।

कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। ये पकड़े हुए आतंकियों को छोड़ते थे और आतंकवादियों को पकड़ने वाले पुलिसवालों को सस्पेंड कर देते थे। इन्होंने पूर्वांचल को माफिया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया था। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था।

# मैजिक वाहन और बस की भिड़ंत, पांच की मौत

संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में भीषण हादसा हो गया। मैजिक और रोडवेज बस की भीषण भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई। 8 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मौके पर भीषण जाम लग गया है। मैजिक लखीमपुर से जा रहा था जबकि रोडवेज बस धौरहरा क्षेत्र से आ रही थी। पुलिस जाम खुलवाने में जुटी है।

सीओ सदर रमेश कुमार तिवारी समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और घायलों को निकालकर अस्पताल भेजना शुरू किया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू जारी है और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा जा रहा है।

हादासा लखीमपुर खीरी के पीलीभीत बस्ती रोड पर रबाही पुल के पास का है। जहां पर लखीमपुर खीरी से बहराइच जा रही बस का सवारियों से भरी एक मैजिक के ओवरटेक करने के दौरान मैजिक और रोडवेज की बस में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की टक्कर लगने के बाद बस और मैजिक दोनों सड़क के किनारे बने खड्डे में जा गिरी और मैजिक में सवार लोग सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। हादसे में एक्सीडेंट में 5 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दुर्घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अफसर ओयल स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों से इमरजेंसी वार्ड में देखा। चिकित्सकों से घायलों को दिए जा रहे मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी लेकर समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### मरने वाले सभी बहराइच के रहने वाले

हादसे में रिजवान निवासी सिसैया, टैक्सी चालक मोनिश (21) पुत्र एक्शन निवासी निरहुआ, बुधराम, अमन कुमार, एक अज्ञात सहित पांच व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया है। यह सभी बहराइच के रहने वाले हैं।

### ये लोग हुए घायल

वहीं रमेश (50), संदीप (15), शशि कला (30), पंकज (30), श्रवण कुमार (26), अज्ञात (38), अभिनंदन (30), आकाश (14), इसके अलावा रमेश समेत दो अज्ञात घायलों को लखीमपुर मेडिकल कॉलेज से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

## न्यू बोर्न बेबी केयर हॉस्पिटल के मालिक को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के विवेक विहार स्थित न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर में सात बच्चों की हुई मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को बेबी केयर सेंटर के मालिक डॉ. नवीन को गिरफ्तार कर लिया है। बेबी केयर सेंटर में आग लगने की घटना में सात बच्चों की हुई मौत के बाद दिल्ली पुलिस को अस्पताल के मालिक की तलाश थी। जानकारी के अनुसार अस्पताल का मालिक फरार चल रहा था, जिसे दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार देर रात न्यू बॉर्न बेबी केयर अस्पताल में भीषण आग लगने की खबर सामने आई थी। कहा जा रहा है कि कई ऑक्सीजन सिलेंडर में हुए धमाकों के चलते आग लग गई थी।

# एक जून से सब कुछ बदल जायेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हर वर्ष जून का माह सबसे अहम माना जाता है। इस माह कई सारे बदलाव देखने को मिलते हैं। जहां एक ओर देश में सियासत अपने चरम पर है, वहीं देश में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पहली तारीख को सुबह-सुबह घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों पर बदलाव होने हैं। वहीं एक तारीख से आधार से जुड़े नियम में भी बदलाव दिख सकता है। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों में भी कई तरह के बदलाव हो सकते हैं। इनका पालन न करने पर आम लोगों की जेब पर काफी असर दिख सकता है। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि आखिरकार एक जून से किस तरह का बदलाव होने वाला है।

### 25 हजार का जुर्माने का प्रावधान

नाबालिग गाड़ी चलाता अगर पकड़ा जाता है तो उस पर भारी भरकम जुर्माना लग सकता है। मौजूदा वक्त में देश में व्हीकल चलाने या यूं कहें कि लाइसेंस लेने की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक है। अगर कोई माइनर ऐसा करता है तो उस 25 हजार रुपए का जुर्माना लग सकता है। उसे 25 साल की उम्र तक कोई लाइसेंस नहीं मिलने वाला है।


**गैस सिलेंडर के दामों में होगा बड़ा बदलाव :** हर माह की पहली तारीख को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव होता है। देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर कीमतों को तय करती है। दोनों गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव देखने को मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम के आंकड़ों के अनुसार, 9 मार्च को अंतिम बार घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में गिरावट देखी गई थी। कमर्शियल गैस सिलेंडर बीते माह सस्ता हो गया था।

**ऑनलाइन आधार अपडेट पर राहतः** फ्री में आधार अपडेट की डेट 14 जून कर दी है। यूआईडीएआई ने आम लोगों को बड़ी राहत दी है। इसका अर्थ है कि अगर कोई भी ऑनलाइन तरीके से आधार अपडेट करता है, तो इसके लिए किसी तरह का चार्ज नहीं लगने वाला है।

## राजकोट गेम जोन हादसे में संचालक समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी

**राजकोट।** राजकोट गेम जोन अग्निकांड में राजकोट तहसील थाने में 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन पर आईपीसी की धारा 304, 308, 337, 338 और 114 के तहत शिकायत दर्ज की गई है। एफआईआर में टीआरपी गेम जोन के मालिक युवराज सिंह सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, धवल ठक्कर, आशोकसिंह जाडेजा, किरीटसिंह जाडेजा, राहुल राठौड़ के नाम शामिल हैं। क्राइम ब्रांच ने इनमें से गेम जोन मालिक युवराज सिंह सोलंकी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है।



राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम अन्य की गिरफ्तारी के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना के लिए एसआईटी बनाई गई है। मामले की जांच राजकोट क्राइम ब्रांच करेगी। उन्होंने कहा कि गेम जोन के संचालकों ने फायर सेफ्टी के साधनों का साक्ष्य पेश नहीं किए थे। वर्ष 2024 में इनका लाइसेंस रिन्यू कराया गया था।

# यूसीसी लागू करना हमारी जिम्मेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार के अगले कार्यकाल में ही देशभर में समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाएगी।

शाह ने कहा कि अगर भाजपा की सत्ता में वापसी होती है तो सभी हितधारकों से व्यापक चर्चा के बाद यूसीसी को लाया जाएगा। एक इंटरव्यू के दौरान अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का अगला कार्यकाल कई मायनों में अहम होगा क्योंकि इसी दौरान एक देश-एक चुनाव को भी लागू किया जाएगा। शाह ने कहा कि अब समय आ गया है, जब देशभर में एक साथ चुनाव हों। शाह ने कहा समान नागरिक संहिता हम पर एक जिम्मेदारी है, जिसे हमारे संविधान निर्माता हम पर, हमारी संसद पर और राज्य विधानसभाओं पर छोड़कर गए हैं। संविधान सभा ने हमारे लिए जो मार्गदर्शक सिद्धांत तय किए थे, उनमें समान नागरिक संहिता भी शामिल है। यहां तक कि उस समय भी कानूनी विद्वानों जैसे केएम मुंशी, राजेंद्र बाबू, आंबेडकर जी ने कहा था कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर कानून नहीं होने चाहिए।



### हमारे एजेंडे में 1950 से ही है समान नागरिक संहिता

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करके एक प्रयोग किया है क्योंकि यह राज्यों और केंद्र दोनों का विषय है। समान नागरिक संहिता हमारे एजेंडे में साल 1950 से ही है और हाल ही में भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में इसे लागू भी कर दिया गया है। अमित शाह ने कहा मुझे लगता है कि समान नागरिक संहिता एक बड़ा सामाजिक, कानूनी और धार्मिक सुधार होगा। उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाए कानून की भी सामाजिक और कानूनी जांच भी होनी चाहिए।


## फिसली नीतीश की जुबान

पीएम मोदी को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने की अपील

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने चुनावी भाषणों में लगातार स्लिप ऑफ टंग के शिकार हो रहे हैं। आए दिन उनकी जुबान फिसल जा रही है। रविवार को एक बार फिर एक सभा में नीतीश कुमार की जुबान फिसल गई और उन्होंने पीएम मोदी को मुख्यमंत्री बनाने की कामना कर दी।

रविवार को पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां इलाके में भाजपा नेता व एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन में एन जनसभा का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंच पर भाषण दे रहे थे। इसी दौरान उन्होंने भाषण के बीच लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर 400 से अधिक सीटों के साथ मुख्यमंत्री बनाने की बात कही।



सीएम नीतीश के ऐसा कहने पर एक बार लोग चौंक गए। वहां मौजूद दूसरे नेताओं ने सीएम को इस बारे में याद दिलाया।

## संक्षिप्त खबरें

### यापारी को लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**इटौंजा।** उसरना में दिनदहाड़े गल्ला व्यापारी पर फायरिंग कर 20 हजार रुपये लूटने वाले बदमाशों की शनिवार देर रात महोना के बड़ी नहर पुलिया पर पुलिस से मुठभेड़ हुई। पुलिस के रोकने पर बाइक पर पीछे बैठा बदमाश फायरिंग कर साथी संग भागने का प्रयास कर रहा था। जवाबी कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने भी फायरिंग की। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल हालत में भी लुटेरे ने साथी संग फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जिन्हें दौड़ा कर पुलिस ने दबोच लिया। बदमाशों के पास से पुलिस पर फायरिंग के लिए इस्तेमाल हुआ असलहा मिला है।

### घर से कुछ दूर मिला मजदूर का शव

**काकोरी।** दुबग्गा के मौरा में रविवार को घर से कुछ दूर स्थित बंद मकान के बाहर मजदूर छोटक्के रावत (50) का शव मिला। उसके सिर और हाथ-पैर में चोट के निशान थे। परिवारवालों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है। मौरा निवासी शिवा के मुताबिक पिता छोटक्के (50) रविवार सुबह सात बजे घर से निकले थे। सुबह 11 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित बंद पड़े घर के बरामदे में मृत हालत में पिता के पड़े होने की सूचना मिली। भागकर परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो मौत हो चुकी थी। पिता छोटक्के खून से लथपथ पड़े थे। सिर में पीछे की तरफ, हाथ पैर में चोट के निशान थे। सिर से खून बह रहा था। बेटे शिवा का आरोप है कि पिता की हत्या कर शव फेंका गया है। परिवारवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। परिवार में पत्नी गीता, तीन बेटे और चार बेटियां हैं। इंस्पेक्टर दुबग्गा के मुताबिक छोटक्के शराब पीने का आदी था। परिवार वालों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### 20 हजार फ्लैटों का कोई खरीदार नहीं

**लखनऊ।** राजधानी में करीब 20,700 खाली फ्लैट बिक नहीं पा रहे हैं। इनमें से कुछ 10 से 12 वर्ष पुराने हैं तो कुछ इसी वर्ष बने हैं। खरीदार न होने की वजह से यह खण्डहर हो रहे हैं। सरकारी एजेन्सियों के फ्लैटों के अलावा बड़े पैमाने पर निजी बिल्डरों के फ्लैटों के भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। पुराने की बिक्री न होने से बिल्डरों व सरकारी एजेन्सियों ने नए फ्लैटों का निर्माण रोक दिया है। दो वर्षों में बिल्डरों ने एक भी बड़ी परियोजना के लिए एलडीए से लाइसेंस नहीं लिया है। आवास विकास ने भी एक भी नयी योजना नहीं बनायी और न आगे प्रस्तावित है।

### मुकदमा हारने के बाद व्यापारी ने दुकान पर किया कब्जा

**लखनऊ।** यदुनाथ सान्याल रोड निवासी मंजू महेश्वरी की एक दुकान पुराना गौतमबुद्ध मार्ग पर है। जिसे कई साल पूर्व करनी होम एपलाइंस के संचालक जितेंद्र महेश्वरी ने किराए पर लिया। समय पर आरोपी ने किराया नहीं दिया। दबाव डालने पर मुकदमा दर्ज किया था। अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी किराया अधिकरण से मंजू ने जनवरी 2024 में मुकदमा जीत लिया। आदेश आने के बाद अमीनाबाद पुलिस ने मंजू को भौतिक कब्जा 13 जनवरी को दिलाया। मंजू के मुताबिक उन्होंने दुकान में ताले लगाए थे। जिन्हें जितेंद्र महेश्वरी ने शोभित, जितेंद्र और उमा महेश्वरी के साथ मिल कर तोड़ते हुए दुकान पर कब्जा कर लिया। इंस्पेक्टर सुनील आजाद ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर में बनी ज्वेलर्स की दुकान से चोरों ने उड़ाया माल

**लखनऊ।** बीबीडी स्थित हासेमऊ में घर के बाहरी हिस्से में गुरुवार रात चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चांदी के सिक्के व 24 हजार रुपये चोरी कर ले गए। मकान मालिक की तहरीर पर बीबीडी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। बीबीडी के हासेमऊ निवासी कल्याण सिंह यादव के मकान में दो दुकानें बनी हैं। जिसमें संजीव सराफ की एक दुकान है। वहीं दूसरी दुकान में कल्याण सिंह खुद कपड़े की दुकान चलाते हैं। गुरुवार रात चोरों ने संजीव की दुकान को निशाना बनाकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चांदी के सिक्के और 24 हजार रुपये पार कर दिए। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हीवेट रोड पर अतिक्रमण हटे, शौचालय निर्माण किया जाए

**लखनऊ।** शिवाजी व्यापार मंडल ने हीवेट रोड पर अतिक्रमण हटाने और शौचालय निर्माण की मांग की है। रविवार को ऐशबाग में संघ की वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के महामंत्री अतुल त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत पूर्व में निर्मित सुलभ शौचालय को तोड़ दिया गया, लेकिन नया शौचालय नहीं बनाया गया, जबकि बाजार में 550 से अधिक हार्डवेयर दुकानें है। इससे व्यापारियों को काफी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि कई बार नगर आयुक्त से शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि हीवेट रोड हार्डवेयर का थोक बाजार है। यहां बाराबंकी, सीतापुर, लखीमपुर सहित 250 किलोमीटर के छोटे व्यापारी व ग्राहक खरीदारी करने आते हैं। इस अवसर पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, शिवाजी मार्ग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संगठन 24 घंटे खड़ा है। बैठक में अभिनव गुप्ता, समीर जायसवाल, मनमोहन सक्सेना, अशोक कुमार अग्रवाल, अजीत तिवारी, हरीश अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, मोहन लाल अरोरा व अमित अग्रवाल सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

### काली बाड़ी टैम्पल ट्रस्ट के अध्यक्ष बने अभिजीत सरकार

**लखनऊ।** कैसरबाग घसिसारी मंडी स्थित 161 वर्ष पुराने काली बाड़ी मंदिर में रविवार को काली बाड़ी टैम्पल ट्रस्ट की वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। इस मौके पर वर्ष 2024 से 2029 तक के लिए नए बोर्ड ऑफ ट्रस्ट का चुनाव हुआ। इसमें अभिजीत सरकार को टैम्पल ट्रस्ट का अध्यक्ष, डॉ. अमित घोष को उपसभापति, डॉ. देवाशीष को सचिव, इंद्रजीत मित्रा को संयुक्त सचिव व अनीता घोष, डॉ. आलोक कुमार चक्रवर्ती, अंजुश्री रॉय, बिधान भट्टाचार्या और अभिजीत मित्रा को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुभाशीस मुंशी, बोर्ड ऑफ ट्रस्ट के सचिव डॉ. अमित घोष, मैनिजिंग कमेटी के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्या, सचिव दीपक भट्टाचार्या, कोषाध्यक्ष चित्तरंजन माइथी व अन्य सदस्य मौजूद रहे। निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सेन ने नवगठित बोर्ड ऑफ ट्रस्ट की घोषणा की।

### शादियों में अनावश्यक खर्चों से हर किसी को बचना चाहिए

**लखनऊ।** मुस्लिम इज्तिमाई निकाह कमेटी की ओर से सामूहिक विवाह का आयोजन रविवार को मेजबान होटल में किया गया। यह विवाह कार्यक्रम पिछले 15 वर्षों से होता आरहा है। मौलाना महबूब आलम साहब नदवी ने निकाह के फर्ज निभाए। समारोह में चार जोड़ों का निकाह कराया गया। मौलाना आलम नदवी ने कहा कि निकाह एक रस्म है जो हर धर्म में अलग-अलग तौर पर निभाई जाती है, इसलिए जब तक आदमी और औरत की शादी नहीं हो जाती, तब तक वह एक दुसरे के लिए ना महरम रहता है। उन्होंने कहा कि शादी एक फर्ज है जिसे पूरा करने पर इंसान का आधा ईमान पूरा हो जाता है। इसी लिए मोहम्मद साहब ने फरमाया है की शादी मेरी और मेरे खलीफाओं की सुन्नत है और एक हदीस है कि शादी ईमान का आधा हिस्सा है। अपने बच्चों की शादी समय पर करें। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अफाक ने शादी को आसान बनाने के संबंध में कहा कि सभी को अपने बच्चों की शादियां रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त हो कर करनी चाहिए। अनावश्यक खर्च न करें ताकि हमारे गरीब भाई-बहनों को परेशानी का सामना करना ना पड़े। इस मौके पर निकाह कमेटी के अध्यक्ष सलीम अहमद राईनी, डॉ. अनीस अंसारी, मुंतूर अहमद, मौलाना अली हुसैन कुमी, डॉ. मोईद, डॉ. मोहम्मद फिरोज अल हुदा, कारी मोहम्मद शारिक रजा अल हुदा, सैयद जलालुद्दीन, रफी अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

### सामाजिक कार्यों में सक्रिय 32 व्यापारियों का सम्मान

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को अमीनाबाद घंटा घर पार्क में व्यापारी हरिश्चन्द्र अग्रवाल की 45वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 32 व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

# रेरा बार-बार शिकायत करने वालों पर कार्रवाई करेगा

संवाददाता

**लखनऊ।** एक ही शिकायत कई बार दर्ज कराने कराने वाले लोगों पर अब कार्रवाई होगी। आईजीआरएस पर पांच पांच सौ शिकायतें करने वाले लोग भी ब्लैक लिस्ट हो सकते हैं। एलडीए ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कराई है। ये वो लोग हैं, जो अपनी दूसरे की शिकायतें कर उनके मकान, दुकान का निर्माण रुकवाकर ब्लैकमेल करते हैं। एलडीए ऐसे लोगों की सूची शासन को जल्द भेज ब्लैक लिस्ट कराने की तैयारी में है। नगर निगम भी ऐसी सूची बनवा रहा है। यूपी रेरा ने चार बार शिकायत करने वाले एक शिकायतकर्ता हर्जाना लगाकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

राजधानी में बड़े पैमाने पर कुछ लोग दूसरे के मकान, दुकान, बिल्डिंग की शिकायतें कर परेशान कर रहे हैं। इसकी आड़ में वह मकान बनवाने वालों को ब्लैकमेल करते हैं। स्थिति ये है कि एक शिकायतकर्ता ने 600 लोगों की शिकायतें कर रखी हैं। इनकी तमाम शिकायतों पर कार्रवाई हुई है। एक अन्य शिकायतकर्ता ने 400 से ज्यादा शिकायतें की हैं। एलडीए में सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज हो रही



हैं। 90 प्रतिशत शिकायतें वह व्यक्ति कर रहा है, जिसका सम्बंधित से कोई मतलब नहीं होता है। न वह पीड़ित है न प्रभावित फिर भी शिकायतें करता है। एलडीए ने ऐसे करीब 50 लोग चिन्हित किए हैं। इनकी हर वर्ष 200 से 600 शिकायतें दर्ज हुई हैं। एक शिकायतकर्ता ऐसा है, जिसने हर माह 40 से 60 शिकायतें आईजीआरएस पर दर्ज कराईं। नगर निगम में भी ऐसे लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। नगर निगम के जोन आठ के जोनल अधिकारी अजीत राय ने ने ऐसे कुछ लोगों की सूची नगर आयुक्त को भेजी है। अजीत राय कहते हैं कि इन लोगों ने भवन स्वामियों को परेशान कर रखा है।

### रेरा ने लगाया जुर्माना

यूपी रेरा की एनसीआर पीठ के समक्ष एक शिकायतकर्ता ने चार बार वही शिकायत की, जबकि शिकायत का निस्तारण हो चुका था। रेरा चेयरमैन ने इसे गंभीरता से लिया। एक बार में शिकायत का निस्तारण होने के बावजूद चार बार शिकायत दर्ज कराने को रेरा चेयरमैन संजय भूस रेड्डी ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया। इसके लिए शिकायतकर्ता पर 5000 रुपये हर्जाना लगाया है। उसे इस मामले में दोबारा शिकायत के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

एलडीए में कई लोग दूसरे भवन स्वामियों की लगातार शिकायतें करते रहते हैं। इससे भवन स्वामी का उत्पीड़न होता है। कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने दूसरे की सैकड़ों शिकायतें की हैं। लगातार कर भी रहे हैं। इन लोगों का संबंधित भवन स्वामी से सरोकार नहीं होता है। ऐसे लोगों को ब्लैक लिस्ट करने की रिपोर्ट शासन भेजी जाएगी।

# करोड़ों की अवैध शराब, ड्रग व नकदी बरामद

संवाददाता

**लखनऊ।** आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 25 मई को कुल 415.51 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 3.26 लाख रुपये नकद धनराशि, 27.71 लाख रुपये कीमत की 9321.38 लीटर शराब, 48.21 लाख रुपये कीमत की 186430 ग्राम ड्रग एवं 336.34 लाख रुपये कीमत के 1348304.40 मुफ्त उपहार जब्त किए गए।

25 मई को प्रमुख जब्ती में बरेली के मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.05 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75840 ग्राम (75.84 किग्रा) ड्रग, हापुड़ के हापुड़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.25 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 105000 ग्राम (105 किग्रा) ड्रग पकड़ी गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व



उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पहली मार्च से 25 मई तक कुल 50120.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 9164.17 लाख रुपये नकद धनराशि, 5598.74 लाख रुपये कीमत की शराब, 23969.96 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2618.46 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5958.69 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

### मनीष कुमार ने पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

**लखनऊ।** चेन्नई स्थित तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा एवं स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय में हो रही अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मनीष कुमार ने रजत पदक जीता। मनीष लखनऊ विश्वविद्यालय के दीन दयाल राजकीय महाविद्यालय सीतापुर के छात्र है। मनीष कुमार ने 120 किलोग्राम भार की श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर चेन्नई के पी कुमारम और तृतीय स्थान पर गुजरात के मोहम्मद हाशिम रहें। दीन दयाल राजकीय महाविद्यालय के डा अनूप कुमार ने इस टीम को प्रशिक्षण प्रदान किया था। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने छात्र मनीष कुमार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। डॉ आलोक कुमार यादव को पारस एजुकेशनल सोसायटी की ओर से उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ यादव को यह पुरस्कार उनके द्वारा शिक्षा एवं साहित्य में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए किया गया।

# नवजात की मौत से नाराज परिजनों का हंगामा

परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता

**मलिहाबाद।** नवजात की मौत से नाराज परिजनों ने रविवार को इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते अस्पताल में हंगामा किया। परिजन शव लेकर अस्पताल के सामने बैठ गए। हंगामा बढ़ने पर पहुंची पुलिस समझा कर परिजनों को शांत कराया।

मलिहाबाद के कसमण्डी खुर्द गांव निवासी सुहैल की पत्नी सबा को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को सबा ने बच्चे को जन्म दिया। जन्म के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य थे। शनिवार अचानक डॉक्टर ने नवजात को सांस लेने की बात कहकर लखनऊ के अस्पताल में ले जाने को कहा। परिजनों ने रविवार सुबह लखनऊ के



एक अस्पताल में नवजात को भर्ती कराया। इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। परिजन बच्चे का शव लेकर मलिहाबाद के अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

हंगामा बढ़ने पर अस्पताल कर्मियों ने पुलिस बुला ली। पुलिस के समझाने पर परिजन माने। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह का कहना है कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिलने पर जांच कराकर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# तीन मंजिला बंद घर धधका

संवाददाता

**लखनऊ।** बाजारखाला के नौबस्ता में रविवार भोर में तीन मंजिला बंद मकान में आग लग गई। आग देखकर आसपास हड़कंप मच गया। लोग चीख पुकार मचाने लगे। तीन दमकल ने एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आकर बेड और अन्य घरेलू सामान जलकर बर्बाद हो गया। घर तंग गली में होने से दमकल सौ मीटर पहले ही रुक गई। दमकलकर्मियों ने सड़क पर पाइप बिछाकर राहत कार्य चलाया। आसपास के घरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन लोग दहशत में थे।

नौबस्ता के आदर्श श्रीवास्तव आलमबाग स्थित ब्रेड फैक्टरी में काम करते हैं। आदर्श के मुताबिक पत्नी मायके गई थी। शनिवार रात वह नाइट ड्यूटी पर थे। घर पर ताला लगा था। भोर में भूतल पर स्थित कमरे में आग लग गई। धुआं और आग की लपट निकलती देखकर आसपास हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने उन्हें और अग्निशमन विभाग को हादसे की सूचना दी। कुछ देर में एफएसओ चौक पुष्पेन्द्र यादव तीन दमकल के साथ घटना स्थल रवाना हुए। एफएसओ के मुताबिक घर तंग गली में होने से दमकल घर से सौ मीटर पहले रुक गई। सड़क पर पाइप बिछाकर राहत कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मी पहुंचे तो भूतल पर आग लगी थी। पूरे घर में धुआं फैला था। एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

### भाकियू अरानैतिक का राष्ट्रीय शिविर नौ से 11 जून के बीच हरिद्वार में

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिविर आगामी नौ से 11 जून के बीच हरिद्वार में आयोजित होगा। इसमें संगठन पर चर्चा, आगामी कार्यक्रम और सदस्यता अभियान आदि विषयों पर चर्चा होगी। संगठन के प्रदेश के अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने सभी मण्डलाध्यक्षों से कहा है कि वह राष्ट्रीय शिविर की तैयारी शुरू करें और मण्डल की बैठक में हरिद्वार शिविर की तैयारी की समीक्षा कर शिविर में उपस्थिति सुनिश्चत करवाएं। सभी मंडलाध्यक्ष मंडल की तारीख पर अनिवार्य रूप से बैठक का आयोजन कर हरिद्वार शिविर की तैयारी की समीक्षा कर शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। सभी जिलाध्यक्ष इसके लिए भी निर्देशित करे कि शिविर में प्रयागराज से अब तक किए गए कार्यक्रम की प्रेस न्यूज की कॉपी, सदस्यों की सूची,सदस्यता रसीद का हिसाब,मासिक सहयोग का विवरण साथ हरिद्वार शिविर में लेकर आए।

# पुल की रेलिंग से टकराई स्कूटी, एक की मौत

दो युवक 30 फीट नीचे गिरे

संवाददाता

**लखनऊ।** तेज रफ्तार स्कूटी रविवार को अनियंत्रित होकर ओवर ब्रिज की रेलिंग में टकरा गई। स्कूटी सवार दो युवक पुल से 30 फीट नीचे जा गिरे। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्कूटी सवार ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। पुलिस का दावा है कि दोनों शराब के नशे में थे। पारा के मर्दन खेड़ा निवासी राजेश यादव (38) की ससुराल सरोजनीनगर के अनौरा गांव में है। राजेश दोपहर करीब तीन बजे ससुराल से कच्चे आम लेकर स्कूटी से मित्र बिजनौर के सरैया चंद्रावल निवासी सुनील यादव (38) के साथ लौट रहे थे। अमौसी रेलवे स्टेशन स्थित ओवर ब्रिज पर चढ़े और रेलवे लाइन पार करने के बाद मोड़ पर तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर सीमेंटेड रेलिंग से टकरा गई।

**गोबर में गिरने से बची एक युवक की जान:** टक्कर लगते ही स्कूटी सवार राजेश और सुनील 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरे। नीचे जानवरों को चारा खाने के लिए बनी सीमेंटेड नांद पर गिरने से राजेश की मौत हो गई, जबकि गोबर के ढेर पर गिरने से सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। सुनील का सीएचसी में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर राजेश के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक, स्कूटी सवार दोनों युवक अत्यधिक शराब के नशे में थे। थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरि का कहना है कि राजेश के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। परिवार में पत्नी गोल्डी, एक बेटी तृषा (7) और बेटा रवि (5) है।

# ट्रक ने साले को रौंदा, जीजा घायल

संवाददाता

**काकोरी।** पारा स्थित मोहान रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार अनुकल्प प्रजापति (12) को रौंद दिया। मौके पर उसकी मौत हो गई। स्कूटी चला रहे जीजा जगन्नाथ गंभीर घायल हो गए। हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। उधर ट्रक ड्राइवर हादसे के बाद गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। सआदतगंज लकड़मंडी निवासी पिता राजगीर आशू प्रजापति के मुताबिक बेटा अनुकल्प प्रजापति (12) कक्षा तीन का छात्र था। अनुकल्प जीजा जगन्नाथ के साथ स्कूटी से काकोरी गया था। रविवार सुबह दोनों लोग स्कूटी से घर लौट रहे थे। स्कूटी जगन्नाथ चला रहे थे। वह मोहान रोड पर काकोरी मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। भागने के चक्कर में ट्रक चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। ट्रक ड्राइवर अनुकल्प को रौंदते हुए निकल गया। मौके पर उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जगन्नाथ को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। परिवार में मां संगीता, भाई आदित्य और अमन हैं। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर पर आगे कार्रवाई होगी।

### दो दिन बाद चलेगी पुरवाई, पारा आएगा नीचे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रचण्ड ग्रीष्म लहर का प्रकोप जारी है। रविवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। रविवार को राज्य का सबसे गरम स्थान झांसी रहा, जहां पारा 48 डिग्री पहुंच गया। इसके आलवा आगरा तथा मथुरा वृंदावन में दिन का तापमान क्रमशः 47-47, बागपत, गौतमबुद्धनगर, कानपुर और कन्नौज में 46-46, प्रयागराज व सुल्तानपुर में 44-44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल अगले दो दिनों तक प्रदेश में प्रचण्ड ग्रीष्म लहर का प्रकोप जारी रहेगा। उसके बाद हवा का रुख बदलेगा और पछुवा के बजाए पुरवाई बहेगी, तब दिन व रात के तापमान गिरेंगे और ठण्डी हवा चलेगी। मगर उमस भरी गर्मी को प्रकोप बना रहेगा। मौसम विभाग ने आगामी 27 व 28 मई को गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर प्रचण्ड ग्रीष्म लहर का प्रकोप रहेगा, लू से जनजीवन बेहाल रहेगा। पूर्वी उ.प्र. में एक या दो स्थानों पर लू चल सकती है। 29 मई के लिए आरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

### बिना लाइसेंस के 35 असलहे बरामद

**लखनऊ।** शनिवार 25 मई को पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों में से एक व्यक्ति के लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 4783 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 35 शस्त्र व 34 कारतूस बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 29 केन्द्रों पर रेड डाली गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 25 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

# यूजीसी नेट अभ्यर्थियों को पेपर पैटर्न से परिचित कराया

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला के पर्यवेक्षण में हो रही यूजीसी-नेट अभ्यर्थियों के लिए कार्यशाला के चौथे दिन का पहला सत्र अधिगम और प्रत्यक्षीकरण विषय पर था। पहले सत्र की वक्ता मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. हंसिका सिंघल क्लासिकल और ऑपरेंट कंडीशनिंग जैसे प्रमुख सिद्धांतों और शोधों का परिचय देकर अपना व्याख्यान शुरू किया। उन्होंने अभ्यस्तता, कंडीशनिंग के दौरान मस्तिष्क में बदलाव, प्रबलन अनुसूची, लर्न्ड हेल्पलेस्नेस, और स्वाद-विरुद्धता जैसी अवधारणाओं को भी शामिल किया । उन्होंने संवेदना के बुनियादी सिद्धांतों से शुरुआत की वहां से, उन्होंने अवधारणात्मक स्थिरता, भ्रम और गहराई की धारणा जैसी अवधारणाओं पर गहराई से स्पष्ट किया। उन्होंने पिछले वर्षों के नेट प्रश्नों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी के साथ सत्र का समापन किया, जिससे छात्रों को परीक्षा पैटर्न से परिचित होने में मदद मिली।

दूसरे सत्र की वक्ता डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने प्रायोगिक डिज़ाइन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वैध अनुसंधान परिणामों को प्राप्त करने में एक अच्छी तरह से संरचित प्रयोगात्मक डिजाइन के महत्व पर जोर देकर शुरुआत की। प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के प्रायोगिक डिजाइनों से परिचित कराया गया। डॉ. मानिनी ने प्रत्येक अवधारणा को वास्तविक दुनिया के उदाहरणों के साथ चित्रित किया। जिसमें निष्कर्षों की वैधता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# ब्रह्म योग में कल मनाया जाएगा ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल

संवाददाता

**लखनऊ।** संकटमोचक वीरवर हनुमान जी की अराधना व पूजा-अर्चना का विशेष दिवस ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल 28 मई को पड़ेगा। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह में चार बड़े मंगल पड़ रहे हैं। दूसरा बड़ा मंगल चार जून, तीसरा मंगल 11 व चौथा बड़ा मंगल 18 जून को पड़ेगा। ज्येष्ठ माह का मंगल लखनऊ समेत प्रदेश भर में बड़े मंगल के रूप में मनाया जाता है। कई स्थानों पर इसको बुढ़वा मंगल भी कहते है।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि पहले बड़े मंगल पर 28 मई को ब्रह्म योग बन रहा है। इस शुभ योग का प्रारम्भ 28 मई की सुबह 4.27 बजे से होगा और समापन अर्ध रात्रि 2.05 बजे होगा।

बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की व्रत-पूजा अचूक मानी जाती है।



मान्यता है कि इस दिन बजरंगबली को चोला चढ़ाने, दान पुण्य करने से हर तरह की बाधा दूर होती है। बड़ा मंगल के दिन विधि विधान से हनुमान जी की पूजा करने से आर्थिक, मानसिक और शारीरिक पीड़ा से मुक्ति मिलती है।

ज्योतिषाचार्य आचार्य देव बताते हैं कि ज्येष्ठ माह के बड़ा मंगल का संबंध महाभारत और रामायण से जुड़ा है। मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भगवान हनुमान पहली बार भगवान राम से मिले थे। अन्य मान्यता के अनुसार एक बार भीम को अपनी शक्तियों पर बड़ा घमंड हो गया था। तब उन्हें सबक सिखाने के लिए हनुमानजी ने एक बूढ़े वानर का रूप धारण करके उनके घमंड को तोड़ा था।

# माहवारी स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का नहीं बल्कि मानवाधिकार का भी मुद्दा

मासिक धर्म स्वच्छ्ता दिवस पर जागरूकता को लेकर होंगे विविध आयोजन

संवाददाता

**लखनऊ।** माहवारी स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का ही नहीं बल्कि मानवाधिकार का भी मुद्दा है। हर किसी को शारीरिक स्वायत्तता का अधिकार है। इसी क्रम में माहवारी के दौरान शरीर की देखभाल इस मौलिक स्वतंत्रता का एक अनिवार्य हिस्सा है, फिर भी बड़ी संख्या में माहवारी उत्पादों तथा माहवारी स्वच्छता संबंधी उपायों तक समुदाय की पहुँच नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए मासिक धर्म स्वच्छता व स्वास्थ्य को बेहतर करने और इस मुद्दे पर खुलकर बात करने के उद्देश्य से ही हर वर्ष 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस-5) 2020-21 के अनुसार उत्तर प्रदेश में 15 से 24 साल की 72.6 फीसद युवतियाँ ही माहवारी के दौरान सुरक्षित साधनों का उपयोग करती हैं।

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की इस वर्ष की थीम है टुगेदर फॉर ए सपीरियडफ्रेंडलीवर्ल्ड। अर्थात माहवारी अनुकूल विश्व के लिए एकजुट हों। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर इस दिवस पर जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सोशल मीडिया, रैली, पोस्टर, बैनर के माध्यम से माहवारी स्वच्छता को लेकर संदेश प्रसारित किए जाएँ और किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक पर विशेष सत्र का आयोजन किया जाए। पीयर एजुकेटर द्वारा साथिया समूह तथा किशोरी समूह के बीच विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें जागरूक किया जाये।

## संक्षिप्त खबरें

### नागपुर और औरंगाबाद के लिए हवाई सेवा जल्द शुरू होगी

**लखनऊ।** औरंगाबाद और नागपुर के लिए दो जुलाई से उड़ान शुरू होंगी। साथ ही गोवा के लिए भी एक और उड़ान होगी। दरअसल औरंगाबाद जाने वाली उड़ान ही आगे गोवा तक जाएगी। इन उड़ानों के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है। इन उड़ानों का किराया तीन से सात हजार के बीच चल रहा है। उड़ान संख्या 6ई 7462 लखनऊ से सुबह 7:30 बजे रवाना होगी। यह उड़ान सुबह 9:20 बजे नागपुर पहुंचेगी। नागपुर से वापसी में उड़ान 9:40 बजे रवाना होगा। आगे यह 11:00 बजे औरंगाबाद पहुंचेगी। औरंगाबाद से उड़ान 11:30 बजे रवाना होकर दिन में 1:30 बजे गोवा पहुंचेगी। वापसी में 6ई 7467 दिन में 2.10 बजे उड़ान भरेगी। शाम 4:10 बजे औरंगाबाद। फिर वहां से 4:40 बजे उड़ान भरकर शाम 6:10 बजे नागपुर उतरेगी। नागपुर से 6:30 बजे उड़ान भरने के बाद देर शाम 8:15 बजे लखनऊ उतरेगी।

### इटौंजा में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सेल्समैन की मौत

**लखनऊ।** इटौंजा में शनिवार को तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार सेल्समैन सिताब राय श्रीवास्तव (55) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजापुर निवासी सिताब राय श्रीवास्तव शनिवार को साइकिल से बीकेटी की तरफ जा रहे थे। दोपहर 12 बजे वह लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें सौ शैय्या अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बीकेटी राणा राजेश सिंह के मुताबिक इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### मासूम से पड़ोसी ने की अश्लील हरकत,गिरफ्तार

**काकोरी।** पारा में गुरुवार को घर के सामने मैदान में खेल रही कक्षा एक की छात्रा के साथ पड़ोसी युवक ने अश्लील हरकत की। छात्रा के चीख पुकार पर आरोपित निकला। पीड़ित परिवार आरोपित के घर शिकायत करने पहुंचा तो उसने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें भगा दिया। पिता की तहरीर पर कोकारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता के मुताबिक उनकी सात वर्षीय बेटी गुरुवार शाम को घर के बाहर मैदान में खेल रही थी। इस बीच पड़ोसी मजदूर मो. इंजतार वहां पहुंचकर बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। बेटी के चीखने पर आरोपित वहां से भाग गया। रोते हुए घर पहुंची बेटी ने मां को आपबीती बताई। यह सुनकर वह बेटी को लेकर आरोपित के घर पहुंची तो मो. इंतजार ने उनके साथ मारपीट कर धमकाते हुए घर से भगा दिया। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक पीड़िता के पिता ने शुक्रवार देर शाम थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित मो. इंतजार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### घर के सामने कूड़ा फेंकने के विवाद में छेड़छाड़,मुकदमा

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में रविवार को घर के सामने कूड़ा फेंकने व गेट पर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी से झगड़ा हो गया। विरोध जताने पर आरोपित उन्हें सीढ़ी से खींचते हुए नीचे ले गए और उनके कपड़े फाड़ दिए। उनका मंगलसूत्र लूट लिया। चीख पुकार सुन बीच बचाव के लिए आए परिवार के अन्य लोगों की भी पिटाई कर दी। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, दूसरे पक्ष से एक युवती ने छेड़छाड़ के विरोध में सरेराह कपड़े फाड़ने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक जांच की जा रही है। इन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी पीड़िता के मुताबिक पड़ोस के मकान में रहने वाले किरायेदार अक्सर उनसे पानी व बिजली संबंधित मदद मांगते थे। कुछ समय पहले उन्होंने रुपये मांगे। रुपये देने से इंकार करने के बाद आरोपित अक्सर उनके घर के सामने कूड़ा फेंकने व घर के सामने अपने परिचितों की गाड़ी खड़ी करवाने लगे। विरोध पर बीते 19 मई को वह के सामने आकर गाली देने लगे। विरोध जताने वह घर से बाहर निकली तो आरोपितों ने उन्हें सीढ़ी से नीचे घसीट लिया। सड़क पर गिराकर उनके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर उनकी मां और बहन बाहर आई तो आरोपितों ने उनकी पिटाई कर मंगलसूत्र लूट लिया। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष से एक युवती ने मुकदमा दर्ज कराया कि रविवार रात को सामान खरीदने दुकान जा रही थी। इस बीच पड़ोस में रहने वाले युवक उनका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध जताने पर उसने उनके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर आई उनकी मां और बेटी की भी पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एनसीसी ग्रुप कमांडर ने 63 बटालियन का कार्य देखा

**लखनऊ।** ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने 63 यूपी एनसीसी बटालियन का कार्य देखा। ब्रिगेडियर पुनेठा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर हैं। उनका स्वागत कमांडिंग अफसर कर्नल हर्ष कुमार झा और सूबेदार मेजर अरविंद कुमार यादव ने किया। इस मौके पर कैडेटों ने निरीक्षण अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ब्रिगेडियर पुनेठा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के परिसर में कैडेटों के लिए राइफल सिम्युलेटर और नव स्थापित प्रेरणा सह सूचना कक्ष का भी दौरा किया। एएनओ के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने एनसीसी के सुचारू कामकाज के बारे में बातचीत की। साथ ही कैडेटों के बीच अनुशासन, चरित्र निर्माण और मूल्यों के पहलू पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी एएनओ की है। कैडेटों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें उत्कृष्टता की खोज जारी रखने को कहा।

### एलडीए ने चिनहट में दो अवैध निर्माण सील किए

**लखनऊ।** एलडीए की प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने चिनहट में दो अवैध निर्माण सील कर दिए। यह निर्माण चिनहट कोतवाली रोड पर मटियारी तिराहे के पास हो रहा था। जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि 200 वर्गमीटर के भूखंड पर गुफरान अहमद व अन्य अवैध निर्माण करा रहे थे। वहीं, लौलाई में कांशीराम आवास के पास नौमीलाल व अन्य व्यावसायिक निर्माण करा रहे थे। करीब 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर यह निर्माण हो रहा था। विहित कोर्ट ने इन दोनों अवैध निर्माणों के संबंध में सीलिंग के आदेश् पारित किए थे। इसका पालन कराने के लिए सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता अशीष श्रीवास्तव और एसके दीक्षित शनिवार को मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों अवैध निर्माण सील कर दिए।

### पांच हजार में आधे ट्रक चालकों की नजर कमजोर

**लखनऊ।** केंद्रीय परिवहन राज्यमार्ग मंत्रालय की ओर से ट्रक ड्राइवरों के स्वास्थ्य की जांच शुरू की गई है। यह जांच शिविर परिवहन विभाग के लखनऊ स्थित ट्रांसपोर्टनगर के फिटनेस सेंटर पर की जा रही है। जांच अभियान 45 दिनों तक चलेगा। अभी 28 दिन गुजरे हैं, इस दौरान पांच हजार से अधिक ट्रक ड्राइवरों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई है। अब तक हुई जांच में 54 फीसदी ड्राइवरों की आंखों की रोशनी कमजोर मिली है। इन्हें मौके पर निः शुल्क चश्मा देकर जांच संबंधी ब्योरा एकत्र करके रिपोर्ट तैयार की जा रही है। फिटनेस सेंटर के आरआई प्रशांत कुमार ने बताया कि रोजाना ढाई सौ के करीब भारी वाहन चालक आते हैं। इनमें सौ के करीब ट्रक ड्राइवर होते हैं। इनकी जांच के लिए भारत सरकार की ओर से अभय सुरक्षा और सम्मान की राह को निर्देशित किया गया है। ट्रक ड्राइवरों के स्वास्थ्य संबंधी हर बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट तैयार करके भारत सरकार को सौंपी जाएगी। शिविर में मीरा कार्की, अजमल अली समेत ढेरों स्टाफ मिलकर ट्रक ड्राइवरों के स्वास्थ्य की जांच करके रोज अपनी रिपोर्ट सौंप रहे हैं। यह शिविर 10 जून तक चलेगा। लखनऊ में 80 हजार के करीब ट्रक चालक हैं।

### आपदा में अवसर खोजना ही मैनेजमेंट: प्रो. संजय सिंह

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रबन्धशास्त्र विभाग और वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट प्रबस्पंदन-मैवेरिक्स फिएस्टा का समापन हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजय सिंह कहा कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ एक अच्छा योजक और संयोजक बनना है।

# बिजली कटौती से परेशान लोगों, हंगामा

## लखनऊ-रायबरेली हाईवे किया जाम, नाराज होकर सड़क पर लेटे, पुलिस से हुई जमकर बहस

संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ में बिजली की कटौती और कम वोल्टेज से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोग शुक्रवार रात शिकायत लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी उपकेंद्र पहुंचे। यहां कर्मचारी शिकायत सुनने के बजाय भाग निकले। ऐसे में नाराज लोगों ने लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर जमकर हंगामा किया। नाराजगी का आलम यह था कि कई युवा सड़क पर लेट गए। वाहनों को रोककर रोड जाम कर दिया। इस वजह से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए। विरोध प्रदर्शन रात लगभग 2 बजे तक चलता रहा। नाराज लोग उपकेंद्र के अंदर भी घुस गए।

**कम वोल्टेज और कटौती से जीना बेहाल:** प्रदर्शनकारियों का कहना है, इस इलाके में करीब 50 हजार आबादी बिजली कटौती से परेशान है। शाम से ही बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण रहना बेहाल हो गया है।

**पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी:** हंगामे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग सुनने को तैयार नहीं हुए। इस दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच काफी नोक झोंक भी देखने को मिली। हालांकि बाद में बिजली विभाग के इंजीनियरों के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। मौके पर मौजूद उपभोक्ता सुरेश ने बताया कि अंबेडकर पावर हाउस में सभी फीडर बंद हैं। यहां तक की उतरेठिया ओल्ड और न्यू पावर हाउस से भी बिजली सप्लाई नहीं हो रही। यह स्थिति शाम छह बजे से है। लोगों के घरों में इन्वर्टर की बैटरी खत्म हो गई।

### अधिकारी बोले गर्मी में लोड ज्यादा

भीषण गर्मी में लखनऊ का तापमान 44 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। इस वजह से बिजली का लोड बढ़ा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा बिजली की खपत नोएडा और लखनऊ में ही है। इससे कई इलाकों में ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मर जलना, केबल जलने की भी समस्या आ रही है।

**ट्रिपिंग और लो वोल्टेज से परेशान:** उतरेठिया और अंबेडकर पावर हाउस के उपभोक्ता पिछले कई दिन से परेशान हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली डिमांड भी बढ़ गई है। ऐसे में लोगों के घर लो वोल्टेज की समस्या रहती है। साथ ही साथ ट्रिपिंग भी बढ़ गई है। शिकायत के बाद भी समस्याओं का समाधान ठीक से नहीं निकल पा रहा है।

# बिजली सप्लाई मामले में 3 इंजीनियर निलंबित

**लखनऊ।** बिजली कटौती के बाद लोगों का प्रदर्शन विभाग के इंजीनियरों को महंगा पड़ा है। लखनऊ में तीन इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है।

इसमें एक्सईएन, एसडीओ और जेई तीनों शामिल है। मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है। खंड दो के एक्सईएन यादवेंद्र कुमार, एसडीओ संतोष कुमार पाठक और जेई मुकुल यादव निलंबित कर दिया गया है।

दरअसल, बिजली नहीं आने परकाकोरी के एफसीआई उपकेंद्र पर क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर व लो वोल्टेज को लेकर प्रदर्शन हुआ था। इसका नेतृत्व इलाके के पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने किया था। आश्वासन और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के बाद धरना खत्म हुआ था। मध्यांचल एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने जांच के आदेश दिए थ। उसके बाद 9 लोगों को सस्पेंड किया गया था। तीन पर जांच बैठी थी। अब इन तीनों को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन के बाद लखनऊ की मेयर से भी शिकायत हुई थी। वहां से ऊर्जा मंत्री के पास मामला पहुंचा था। मंत्री के पास मामला पहुंचा तो विभागीय लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई। इसके अलावा आदर्श विहार में 100 केवीए के ट्रांसफार्मर की ओवर लोडिंग खत्म करने के लिए मौके पर 400 केवीए के ट्रांसफार्मर ट्राली को लगाया गया था।

# दुकानदार और कर्मचारी से हुई मारपीट

- दो कारों से आए युवकों ने धारदार हथियारों से किया हमला, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में दुकान बंद कर अपने कर्मचारी के साथ घर लौट रहे दुकानदार को दो कार सवार युवकों ने स्कूटी में टक्कर मारकर गिरा दिया। जिसके बाद दोनों की ईंट और रॉड से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। दुकानदार के शोर मचाने पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकलें। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पीजीआई पुलिस ने दोनों घायलों को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पीड़ित बिजनौर इलाके के ललई खेड़ा का रहने वाला है। दुकानदार के





पिता मनोज कुमार यादव ने पुलिस को बताया, बीती 22 मई को उनका बेटा आकाश यादव वृंदावन योजना स्थित कहलों बिल्डिंग में जनरल स्टोर चलाता है। रात के वक्त बेटा अपने कर्मचारी संजय के साथ दुकान बन्द कर स्कूटी से घर वापस लौट रहा था।

पीड़ित के पिता ने बताया कि आकाश व संजय दोनों को सभाखेड़ा गांव स्थित सनराइज हॉस्पिटल के पास एक आई 10 और एक स्विफ्ट कार से आए आधा दर्जन लोगों मारपीट कर दी। पैसे के लिए भी धमकी दी।

# रिटायर आईएएस की पत्नी की घर में हत्या

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर सेक्टर-20 इलाके में शनिवार सुबह घर में घुसकर बदमाशों ने एक सेवानिवृत्त आईएएस की पत्नी की हत्या कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। सेवानिवृत्त आईएएस जब गोल्फ खेल कर घर पहुंचे तो पहली मंजिल पर किचन के पास पत्नी का शव पड़ा देखा। उनकी सूचना पर पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीमों ने पहुंचकर छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वारदात के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया गया है।

इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र दुबे अपनी पत्नी मोहिनी दुबे (58) के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब सात बजे वह ड्राइवर रवि के साथ गोल्फ खेलने चले गए थे। सुबह 9~40 बजे वह घर वापस लौटे तब देखा कि सारे दरवाजे खुले हुए हैं। जब वह पहली मंजिल पर गए तो वहां



किचन के पास पत्नी मोहिनी मृत पड़ी दिखीं। अलमारी खुली थी और जेवरात आदि गायब थे। ये देख वह सन्न रह गए। किसी तरह से अपने आप को संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अपराध आकाश कुलहरि समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई है। देवेंद्र की पहली पत्नी की 2005 में मौत हो गई थी। 2007 में उन्होंने मोहिनी से दूसरी शादी की। वह 2009 में रिटायर्ड हुए थे। उनका बड़ा बेटा प्रांजल परिवार के साथ नोएडा में रहता है। पिता ने जब दूसरी शादी की थी तब से वह अलग रह रहा था।

### जबरन इंट्री नहीं

पुलिस के मुताबिक जांच में स्पष्ट हुआ कि किसी तरह की कोई जबरन इंट्री नहीं हुई है। मतलब वारदात को अंजाम देने वाला आसानी से मुख्य गेट से लेकर पहली मंजिल तक गया और फिर घटना को अंजाम दिया। ऐसे में अंदेशा है कि घटना में कोई करीबी शख्स है जिसको मोहिनी जानती थीं। यही वजह है कि वारदात को अंजाम देने वाले आसानी से भीतर आ गए। चूंकि जिस अलमारी से गहने पार किए गए, उसका लॉक चाबी से खोला गया। ये इशारा करता है कि घटना में कोई करीबी शामिल है।

### 2 ड्राइवर और 4 नौकर हिरासत में

देवेंद्र नाथ दुबे के घर पर कई ड्राइवर और नौकर काम करते हैं। पुलिस ने 2 ड्राइवर और 4 नौकरों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर रही है। एक ड्राइवर रवि और उसका भाई अखिलेश उनके घर में ही रहता है। रवि ही सुबह देवेंद्र नाथ दुबे को लेकर कहीं गया था। जेसीपी आकाश कुलहरि ने कहा- देवेंद्र नाथ ने बताया, वह सुबह गोल्फ खेलने गए थे। लौटे तब हत्या का पता चला। पुलिस अखिलेश के परिवार से भी पूछताछ कर रही है। सुबह करीब 8 बजे मेड आती थी, लेकिन शनिवार को वह छुट्टी पर थी।

### छुट्टी पर थी मेड, जल रही थी गैस

घर में काम करने वाली मेड शनिवार को छुट्टी पर थी। सुबह 7~10 बजे दूधवाला घर पहुंचा था। मोहिनी ने दूध लिया था। जब देवेंद्र पहुंचे तो देखा कि दूध गैस के पास में रखा है और गैस जल रही है। आशंका है कि उन पर तब हमला किया गया जब वह दूध गर्म करने जा रही थीं।

# छत पर कपड़ा सुखाने गई लड़की को लगा हाईटेंशन करंट

- दोनों हाथ काटने पड़े

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई मासूम नैना के दोनों हाथ डाक्टरों को कोहनी के ऊपर से काटने पड़े। डाक्टरों ने बताया कि हाथों में संक्रमण फैलने के कारण यह कदम उठाना पड़ा। कमलेश अपने परिवार के साथ ठाकुरगंज के बरौना हुसैनबाडी में रहते हैं।

21 मई की सुबह 11 बजे के आसपास नैना पड़ोसी की छत पर बच्चों के साथ कपड़े उछाल रही थी। तभी कपड़ा 11 हजार की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। नैना ने जैसे ही कपड़ा तार से छुड़ाने की कोशिश की तो उसके दोनों हाथ झुलस गए। पिता कमलेश ने केजीएमयू की बर्न यूनिट में उसे भर्ती कराया था। वहीं बिजली विभाग के अभियंताओं ने बताया कि चार दशक पहले से लाइन यहां से निकली है। प्रापर्टी डीलरों ने यहां प्लाटिंग कर दी और लोगों ने मकान बनवा लिए।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग से पिछले कई सालों से 11 हजार की लाइन को शिफ्ट करने का आग्रह किया जा रहा था। हर बार अभियंता टाल दे रहे थे। यहां बने घरों के ऊपर से लाइन निकलने के कारण लोग दूसरी मंजिल पर भी कुछ बनवा नहीं सकते। वहीं हादसे के बाद से मुहल्ले में लोगों ने अपने बच्चों को छत पर जाने से मना कर दिया है। उधर प्राइवेट नौकरी करने वाले कमलेश को बिजली विभाग से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है।

अपट्रान खंड के अधिशासी अभियंता कुलदीप ने बताया कि 11 हजार की लाइन पहले से गई है। लोगों ने अपने घर बाद में बनवाएं हैं। ऐसे में गलती प्रथम दृष्ट्या विभाग की नहीं है। मानवीय दृष्टिकोण से दो बार अभियंता मुहल्ले में जा चुके हैं लेकिन कोई परिजन नहीं मिला।

# योगी आज मीरजापुर-वाराणसी, गाजीपुर व गोरखपुर में

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मीरजापुर, वाराणसी, गाजीपुर व गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे बरघाकला मझवां, मीरजापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे। इसके पश्चात कच्चा बाबा इंटर कॉलेज जामोपुर, शिवपुर, वाराणसी में आयोजित चन्दौली लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 01.40 बजे टाउन नेशनल इंटर कॉलेज, सैदपुर, गाजीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 03.10 बजे जनता इंटर कॉलेज, बेलवार, खोराबार ग्रामीण, गोरखपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# ब्लिंकिट डिलीवरी पार्टनर्स ने किया वर्क बॉयकॉट

- प्रदर्शन कर 16 से 17 घंटे काम लेने का लगाया आरोप

संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में बर्लिंगटन स्थित ब्लिंकिट का स्टोर पर डिलीवरी पार्टनर्स ने काम बहिष्कार करके प्रदर्शन किया। डिलीवरी पार्टनर्स ने कंपनी पर डिलीवरी कमीशन घटाने और लगभग 16 घंटे सेवाएं बढ़ाने सहित कई आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी डिलीवरी पार्टनर्स को समझने का प्रयास किया।

प्रदर्शन कर रहे राकेश कुमार ने बताया कि 4 सालों से ब्लिंकिट के साथ काम कर रहे हैं। कुछ महीनों से ब्लिंकिट की ओर से लगातार डिलीवरी पार्टनर्स की सेवाओं में कटौती की जा रही है। राकेश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में प्रदर्शन कर रहे डिलीवरी पार्टनर्स ने बताया, 2 साल पहले दो किलोमीटर की रेंज का लगभग 40 रुपए मिलते थे। उसके बाद अब उसी डिलीवरी का




20 रुपए मिलते हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधित जो भुगतान होता था, उसमें भी कटौती कर दी गई है।

डिलीवरी पार्टनर्स राकेश कुमार ने बताया कि मुख्य रूप से उनका जो विरोध है वह ड्यूटी के समय को लेकर है। पहले 8 से लेकर 9 घंटे तक शिफ्ट होती थी और अब उसे 16 से 17 घंटे कर दिया गया है, जोकि दोगुना है। ऐसे में यह किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है कि प्रतिदिन 16 से 17 घंटे काम कर सके।

उन्होंने कहा कि कंपनी का यह रवैया मानवता के खिलाफ है। इस भीषण गर्मी में जब तापमान लगभग 45 डिग्री पहुंच रहा है ऐसे में 16 से 17 घंटे ड्यूटी करना संभव नहीं है।

प्रदर्शन कर रहे प्रदीप कुमार कश्यप ने बताया कि संबंधित समस्याओं को लेकर जब तमाम कर्मचारी ब्लिंकिट स्टोर पहुंचे और अपनी सुविधाओं के संबंध में आलाधिकारियों से बात करने का प्रयास किया तो इन सब की आईडी को ब्लॉक कर दिया गया। जिसकी वजह अब डिलीवरी पार्टनर्स काम का बहिष्कार करके हड़ताल करने पर मजबूर हैं।

# बराबरी की अलख जगाने वाले इप्टा का स्थापना दिवस मनाया


**लखनऊ।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का स्थापना दिवस शनिवार को जनगीत, नाट्य मंचन और फिलिस्तीन के प्रति एकजुटता दिखाने के साथ मनाया गया। इप्टा के कैसरबाग स्थित कार्यालय में मनाए गए स्थापना दिवस पर वक्ताओं ने बताया कि आजादी के आंदोलन के दौर में देश भर के कलाकारों ,गायकों ,फिल्मकारों आदि ने मिलकर पीपुल्स थिएटर के कॉन्सेप्ट पर इप्टा की स्थापना की थी। जिसने देश भर में आजादी और बराबरी की अलख जगा दी थी । इप्टा के स्थापना सम्मेलन में लखनऊ के लेखक सज्जाद जहीर, डा रशीद जहां जैसे लोग भी शामिल थे और मशहूर फिल्मकार ख्वाजा अहमद अब्बास उसके कोषाध्यक्ष चुने गए थे । बाद में शायर कैफी आजमी, एके हंगल जैसे लोग इप्टा के सरपरस्त बने । स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ गायक कमला कांत, तबला वादक राकेश और जन गायक महिंदर पाल सिंह ने कई खूबसूरत गीत गाए।

# गर्मी से परेशान वन्य जीव बाड़े में कैद

- प्राणि उद्यान प्रशासन ने गर्मी से बचाने बचाव के लिए वन्य जीवों के बाड़े में लगाए कूलर
- वन्य जीवों के खाने में मौसमी फल और सब्जियां शामिल

संवाददाता

**लखनऊ।** भीषण गर्मी से इंसान ही नहीं वन्य जीव भी खासे परेशान हैं। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान के बब्बर शेर, टाइगर, बारासिंघा, चिम्पान्जी व व्हाइट टाइगर समेत अन्य वन्य जीव गर्मी में बाड़े से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सुबह व शाम बाड़े से बाहर निकल रहे हैं। दिन में तेज धूप होते ही बाड़े में कैद हो जा रहे हैं। बच्चे व अन्य दर्शक वन्य जीवों को न देखने से मायूस हैं। बच्चे बाड़े के बाहर वन्य जीवों को बाहर आने के लिए शोर शराबा भी कर रहे हैं लेकिन वन्य जीवों पर




इसका कोई असर नहीं हो रहा है। स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां होने की वजह से प्राणि उद्यान में भारी संख्या में बच्चे अभिभावकों के साथ आ रहे हैं। शनिवार को करीब साढ़े तीन हजार दर्शक पहुंचे। इनमें करीब 50 फीसदी बच्चे थे। शेर, टाइगर आदि वन्य जीवों के बाहर दर्शक काफी देर तक खड़े रहे लेकिन यह बाड़े से बाहर नहीं निकले। काफी इंतजार के बाद इन्हें बिना देखा चले गए। बच्चों ने हिरन, सारस, नीले-पीले मकाउ, मोर आदि वन्य जीवों के साथ समय बिताया। साथ ही बाल ट्रेन, झूले आदि का आनंद लेकर चले गए।

### बाड़ों में लगे 25 कूलर

प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि वन्य जीवों को तेज धूप और लू से बचाने के लिए 25 कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए है। इन बाड़ों में कूलर चलाने के साथ ही पानी के फौव्वारों से वन्य जीवों को गर्मी से राहत दी जा रही है। पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही मौसमी फल और हरी सब्जियां परोसी जा रही हैं। बब्बर शेर, टाइगर, सांप घर, काला हिरण, हींग डियर, बारासिंघा, लॉयन टेल मंकी, चिम्पान्जी, व्हाइट टाइगर, मछलीघर, उल्लू घर, अन्य वन्य जीव के बाड़े में कूलर लगाए गए हैं। बाड़े में पानी की फुहार के लिए स्प्रिंकलर लगाये गये हैं। स्प्रिंकलर सुबह 11 से शाम चार बजे के बीच रोटेशन के आधार पर चलाए जा रहे हैं। टाइगर एवं व्हाइट टाइगर, हिमालयन भालू के बाड़ों में हौद बनाकर पानी भरा गया है। गमी और लू के थपेड़ों से बचाने के लिए बाड़ों में विशेषकर पक्षी बाड़ों में साइड में चटाई शीट लगायी गयी है।


# घर के सामने कूड़ा फेंकने के विवाद में छेड़छाड़,मुकदमा

संवाददाता

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में रविवार को घर के सामने कूड़ा फेंकने व गेट पर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी से झगड़ा हो गया। विरोध जताने पर आरोपित उन्हें सीढ़ी से खींचते हुए नीचे ले गए और उनके कपड़े फाड़ दिए। उनका मंगलसूत्र लूट लिया। चीख पुकार सुन बीच बचाव के लिए आए परिवार के अन्य लोगों की भी पिटाई कर दी। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, दूसरे पक्ष से एक युवती ने छेड़छाड़ के विरोध में सरेराह कपड़े फाड़ने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक जांच की जा रही है।

इन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी पीड़िता के मुताबिक पड़ोस के मकान में रहने वाले किरायेदार अक्सर उनसे पानी व बिजली संबंधित मदद मांगते थे। कुछ समय पहले उन्होंने रुपये मांगे। रुपये देने से इंकार करने के बाद आरोपित अक्सर उनके घर के सामने कूड़ा फेंकने व घर के सामने अपने परिचितों की गाड़ी खड़ी करवाने लगे। विरोध पर बीते 19 मई को वह के सामने आकर गाली देने लगे। विरोध जताने वह घर से बाहर निकली तो आरोपितों ने उन्हें सीढ़ी से नीचे घसीट लिया। सड़क पर गिराकर उनके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर उनकी मां और बहन बाहर आई तो आरोपितों ने उनकी पिटाई कर मंगलसूत्र लूट लिया। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष से एक युवती ने मुकदमा दर्ज कराया कि रविवार रात को सामान खरीदने दुकान जा रही थी। इस बीच पड़ोस में रहने वाले युवक उनका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध जताने पर उसने उनके कपड़े फाड़ दिए।

## सम्पादकीय

# गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव

प्राचीनकाल से ही ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि को देवर्षि नारद मुनि की जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवर्षि नारद मुनि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का मानस पुत्र माना जाता है। कहा जाता है कि उनका जन्म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। इसलिए वे उनके मानस पुत्र माने जाते हैं। वे समस्त देवी- देवताओं के ऋषि हैं इसीलिए उन्हें देवर्षि एवं ब्रह्मर्षि कहा जाता है। ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। उन्हें ब्रह्मनंदन एवं वीणाधर के नाम से भी पुकारा जाता है। %नारद% शब्द में %नार% का अर्थ है जल एवं अज्ञान तथा %द% का अर्थ है प्रदान करना एवं नाश करना। वे समस्त प्राणियों को ज्ञान का दान करके अज्ञानता का नाश करते हैं। वे प्राणियों को तर्पण करने में भी सहायता करते थे, इसीलिए उन्हें नारद कहा जाने लगा। देवर्षि नारद मुनि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त माने जाते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए अपनी वीणा की सुमधुर तान पर भगवान विष्णु की महिमा का गान करते हैं। प्रत्यके समय उनकी जिव्हा पर भगवान विष्णु का नाम रहता है- नारायण-नारायण। वे सदैव भक्ति में लीन रहते हैं। इसके साथ-साथ में भटके हुए लोगों का मार्गदर्शन करते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं। उनके महान कार्यों की गणना संभव नहीं है। किन्तु कुछ कार्यों का उल्लेख करना संभव है, जैसे उन्होंने लक्ष्मी का विवाह अपने इष्टदेव भगवान विष्णु के साथ करवाया था। उन्होंने स्वर्ग के राजा इन्द्रदेव को मनाकर अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा के साथ विवाह करवाया था। उन्होंने ऋषि बाल्मीकि को महान ग्रंथ रामायण लिखने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने व्यास जी को भागवत की रचना करने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने विष्णु भक्त प्रह्लाद एवं भक्त ध्रुव का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने बृहस्पति एवं शुकदेव आदि को उपदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया था। उनके ऐसे असंख्य महान कार्य हैं। देवर्षि नारद मुनि बहुत ज्ञानी थे। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने वाद्य यंत्र वीणा का आविष्कार किया था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वे ब्रह्मांड के प्राय~ सभी विषयों के ज्ञाता थे। लगभग सभी आदि ग्रंथों में उनका उल्लेख मिलता है। वे व्यास, बाल्मीकि एवं शुकदेव आदि के गुरु हैं। उन्हें तीनों लोकों में मान-सम्मान प्राप्त है। वे देवी-देवताओं के मन की बात भी समझ जाते थे। उन्होंने भक्तिभाव का प्रचार-प्रसार किया। उनका कहना था कि व्यक्ति को सर्वदा सर्वभाव से निश्चित होकर केवल अपने प्रभु का ही स्मरण करना चाहिए। यही भक्ति है एवं यही साधना है। लोक कल्याण के लिए उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद पुराण, बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति, नारद-परिव्राज कोपनिषद तथा नारदीय-शिक्षा आदि सम्मिलित हैं। नारद पांचरात्र वैष्णव संप्रदाय का ग्रंथ माना जाता है। इसमें रात्र का अर्थ है ज्ञान। कहा जाता है कि इस ग्रंथ में ब्रह्मा, वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का ज्ञान है इसलिए इसे पांचरात्र कहा जाता है। यह ग्रंथ श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त था। देवर्षि नारद मुनि ने इसका प्रचार-प्रसार किया। इसमें प्रेम, भक्ति, मुक्ति एवं योग आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति के संबंध में श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम का उल्लेख किया गया है। नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा। नारद पुराण भी वैष्णव का ग्रंथ है। अट्ठारह पुराणों में यह छठे स्थान पर आता है। इसी से इसकी महत्ता का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि इस पुराण का श्रवण करने से मुक्ति प्राप्त होती है अर्थात पापी व्यक्ति भी इसका श्रवण करके पाप मुक्त हो जाता है। इसमें पापों का उल्लेख किया गया है। इसके प्रारंभ में अनेक प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक कथाएं, धार्मिक अनुष्ठान, ज्योतिष, मंत्र, बारह मास की व्रत-तिथियों के साथ उनसे संबंधित कथाएं, शिक्षा एवं व्याकरण आदि का भी उल्लेख मिलता है। बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं %नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इसमें परम पद प्राप्ति की प्रक्रिया का भी स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है। अहं ब्रहमास्मिअर्थात् मैं ही ब्रह्म हूं मंत्र का उल्लेख किया गया है। साधक के लिए यह मोक्ष प्राप्ति की स्थिति है।

# कांशीराम के नाम पर राहुल को घेरने की कोशिश

**प्रो. रविकान्त**

> 1980-90 के दशक में मान्यवर कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक आंदोलन के जरिए बहुजन राजनीति को सत्ता तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। 1995 में पहली बार बसपा ने भाजपा के बाहरी समर्थन से सरकार बनाई। मायावती देश की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। फिर 1997 और 2002 में भाजपा के साथ मिलकर मायावती ने सरकार बनाई। कांशीराम के राजनीतिक विमर्श में कांग्रेस की तीखी आलोचना थी। कांग्रेस केंद्र में सत्ताधारी पार्टी थी। अगड़ी जातियों से आने वाले नेताओं का कांग्रेस में प्रभुत्व था। कांशीराम का बहुजन विमर्श जातियों के वर्चस्व के खिलाफथा।

अवसर की उपयोगिता के आग्रह का लाभ केवल बसपा ने ही नहीं उठाया। भाजपा ने बसपा का समर्थन करके और साझा सरकार बनाकर बहुजनों के मन में एक सॉफ्ट कॉर्नर बना लिया। जबकि कांशीराम और मायावती के निशाने पर लगातार कांग्रेस रही। कांग्रेस द्वारा बाबासाहब को भारत रत्न नहीं दिए जाने का मुद्दा बार-बार उठाया गया। इससे बहुजनों के बीच कांग्रेस की नकारात्मक पुख्ता हुई। क्या राहुल गांधी ने मान्यवर कांशीराम का अपमान किया है? यह सवाल इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि इस समय एक संक्षिप्त और एडिट वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। इसमें राहुल गांधी कांशीराम जी के बारे में टिप्पणी कर रहे हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि कांशीराम जी को, उनके पीछे खड़े दलितों की आवाज के जरिए समझने की आवश्यकता है। हिंदुत्ववादी कांशीराम और अंबेडकर को भगवान बना देंगे। लेकिन यह देखना चाहिए कि वे भगवान कैसे बने? राहुल गांधी यह भी कहते हैं कि दलितों की आकांक्षाओं और संघर्षों के बिना कांशीराम कुछ भी नहीं हैं। श्कांशीराम कुछ भी नहीं हैंय, इस आखिरी वाक्य के आधार पर राहुल गांधी को ट्रोल किया जा रहा है। विशेषकर बहुजन-दलित नौजवानों के बीच यह बात प्रसारित जा रही है कि राहुल गांधी ने कांशीराम जी का अपमान किया है। हिन्दुत्ववादियों की यह पुरानी शैली है। गांधी के सामने डॉ अंबेडकर को खड़ा करके हिन्दुत्ववादियों ने सावरकर के लिए रास्ता तैयार किया। बहुजन तबका एक समय तक हिंदुत्ववादियों की इस चाल को नहीं समझ सका। इसका नतीजा यह हुआ कि गांधी और नेहरू की आलोचना करते हुए दलित बहुजन नहीं समझ पाया कि वह सावरकर और गोलवलकर के लिए राजपथ तैयार कर रहा है। वे भूल गए कि बाबा साहब ने हिंदुत्व के विचार की बहुत आलोचना की थी। हिंदू राष्ट्र के विचार को उन्होंने दलितों के लिए सबसे बड़ी आपदा बताया था।



आरएसएस को पहचानते हुए ही उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में संघ मुख्यालय के करीब हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया था। दलितों के लिए यह बाबासाहब का बड़ा संदेश था। 1980-90 के दशक में मान्यवर कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक आंदोलन के जरिए बहुजन राजनीति को सत्ता तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। 1995 में पहली बार बसपा ने भाजपा के बाहरी समर्थन से सरकार बनाई। मायावती देश की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। फिर 1997 और 2002 में भाजपा के साथ मिलकर मायावती ने सरकार बनाई। कांशीराम के राजनीतिक विमर्श में कांग्रेस की तीखी आलोचना थी। कांग्रेस केंद्र में सत्ताधारी पार्टी थी। अगड़ी जातियों से आने वाले नेताओं का कांग्रेस में प्रभुत्व था। कांशीराम का बहुजन विमर्श जातियों के वर्चस्व के खिलाफ था। अपने समर्थकों द्वारा साहब नाम से पुकारे जाने वाले कांशीराम ने डॉ. अंबेडकर की वैचारिकी को सत्ता पाने के लक्ष्य में तब्दील कर दिया। सत्ताधारी कांग्रेस की आलोचना करने के लिए कांशीराम ने डॉ. अंबेडकर और गांधी के बीच के विमर्श का बहुजनों में प्रचार किया। पूना पैक्ट ( 24 सितम्बर,1932 ) के संबंध में गांधी को बहुजनों के बीच खलनायक बना दिया गया। इस राजनीतिक विमर्श के कारण बहुजनों में गांधी, नेहरू और कांग्रेस के प्रति गहरी वितृष्णा हो गई। मान्यवर कांशीराम के आंदोलन के समानांतर भाजपा भी अपना प्रभाव जमाने की कोशिश कर रही थी। पिछड़ों के आरक्षण के खिलाफ अगड़ों में भड़की नफरत का राजनीतिक दोहन करने के लिए भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन शुरू किया।

कांशीराम भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों को एक ही निगाह से देखते थे। वे कहते थे कि एक नागनाथ है तो दूसरा सांपनाथ। लेकिन कांग्रेस के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन बहुजनों में ज्यादा गहरा था। इधर भाजपा और संघ बहुजनों की बढ़ती ताकत को देख रहे थे। कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा ने कांशीराम का सहयोग किया। कांशीराम ने इसे एक अवसर के रूप में देखा। उनका मानना था कि बहुजनों को अवसरवादी होना चाहिए। दरअसल, उन्हें कभी आसानी से अवसर नहीं मिलते। इसलिए उन्हें कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। इस बात को भी डॉ अंबेडकर के विचार से जोड़ दिया गया। बाबा साहब कांग्रेस के वर्चस्व वाली संविधान सभा में गए। कांग्रेस सरकार में कानून मंत्री बने। लेकिन हिंदू कोड बिल और ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर इस्तीफा देकर बाहर आ गए। बाबा साहब ने कहा था, मैं दलितों के हितों के संरक्षण के लिए संविधान सभा में आया हूं। इसका अर्थ था कि समाज हित में अपने प्रतिद्वंद्वी के प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। कांशीराम ने ऐसे ही अवसर का इस्तेमाल करते हुए लेकिन अपनी शर्तों पर भाजपा के सहयोग से तीन बार सरकार बनाई। 1997 और 2002 में सरकार बनाने के क्रमशरू 6 माह और एक साल बाद भाजपा को झटका देकर मायावती ने गठबंधन तोड़ दिया। लेकिन अवसर के इस्तेमाल की इस थ्योरी का बहुजन समाज ने सरलीकरण किया और निजी हित में बहुतेरे नेताओं ने इसका लाभ उठाया।

बाबा साहब और मान्यवर का यह कहना कतई नहीं था कि विचारों से समझौता करके और समाज को ताक पर रखकर अवसर का निजी लाभ उठाया जाए। अवसर की उपयोगिता के आग्रह का लाभ केवल बसपा ने ही नहीं उठाया। भाजपा ने बसपा का समर्थन करके और साझा सरकार बनाकर बहुजनों के मन में एक सॉफ्ट कॉर्नर बना लिया। जबकि कांशीराम और मायावती के निशाने पर लगातार कांग्रेस रही। कांग्रेस द्वारा बाबासाहब को भारत रत्न नहीं दिए जाने का मुद्दा बार-बार उठाया गया।

इससे बहुजनों के बीच कांग्रेस की नकारात्मक पुख्ता हुई। अप्रत्यक्ष तौर पर इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा जैसे ही कमजोर हुई, उसके तमाम नेता और कुछ हद तक समाज भी अवसर की तलाश में भाजपा के साथ चला गया। बसपा के समर्थकों के दिमाग के कोने में कहीं आज भी कांग्रेस के खिलाफएक गुस्सा हैय जो कई बार उन्हें अपने समय की चुनौतियों और ज्यादा गंभीर खतरों को भी नहीं देखने देता। यही कारण है कि राहुल गांधी के बयान को बिना सोचे समझे क्रिटिसाइज किया जा रहा है।

## सरोकार

# चुनाव आयोग के सामने चुनौती

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश कहे जाने वाले भारत में इस समय हो रहे चुनावों में लोकतंत्र की साख ही खतरे में पड़ गई है। यह संभवतः पहली बार है जब आम चुनावों में जनता से जुड़े सारे मुद्दों के अलावा सबसे अहम मुद्दा संविधान की रक्षा का बन गया है। कांग्रेस नेता तो अब अपने प्रचार में बाकायदा संविधान की एक छोटी प्रति साथ ले जाने लगे हैं, जिसे लोगों को दिखाकर वे याद दिलाते हैं कि इस संविधान के कारण ही हमारे नागरिक अधिकार और लोकतंत्र सुरक्षित हैं। मगर भाजपा इस संविधान को ही बदलने का इरादा रखती है। प्रधानमंत्री मोदी इस आरोप को कई बार गलत ठहरा चुके हैं। लेकिन इस बार सात चरणों में हो रहे चुनावों में सत्तारुढ़ दल के साथ-साथ संवैधानिक संस्थाएं जिस तरह से काम कर रही हैं, उससे संविधान और जनाधिकार दोनों को लेकर चिंताएं उपजना स्वाभाविक है। चुनावों के ठीक पहले इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्टेट बैंक ऑफइंडिया इसके आंकड़े उपलब्ध कराए। लेकिन बैंक ने इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने में आनाकानी की। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखानी पड़ी और तब जाकर इस मामले की असलियत लोगों के सामने आई। इसी तरह कोविड काल में बनाए गए पीएम केयर्स फंड की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग बार-बार उठती रही है। इस पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई, तो बताया गया कि यह सूचना के अधिकार के अंतर्गत नहीं आता है। जिस कोष में लाखों-करोड़ों रूपयों का दान लिया गया, उसका कोई लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा, यह भी आश्चर्य की बात है। इसी प्रकार ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे और वीवीपैट के मिलान की याचिका जब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई, तब चुनाव आयोग ने ईवीएम पर कई ऐसे खुलासे किए, जिनकी जानकारी इससे पहले जनता को नहीं थी। और अब ऐसा ही एक और प्रकरण सामने आया है, जिसमें चुनाव आयोग ने जानकारी देने से इंकार किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान के प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। लेकिन चुनाव आयोग ने इससे इंकार करते हुए कहा है कि फॉर्म 17सी के आधार पर प्रमाणित मतदान प्रतिशत डेटा साझा करने के लिए चुनाव आयोग कानूनन बाध्य नहीं है। आयोग ने अदालत में दिए अपने हलफनामे में कहा है कि वेबसाइट पर मतदान की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी को अपलोड करने से गड़बड़ियां हो सकती हैं। इमेज के साथ छेड़छाड़ की संभावना है।




गौरतलब है कि फार्म 17 सी वह महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो हर मतदान केंद्र पर महत्वपूर्ण विवरण दर्ज करता है। इनमें इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की पहचान संख्या, मतदान केंद्र को सौंपे गए पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या और रजिस्टर (फॉर्म 17 ए) के अनुसार वास्तव में मतदान करने वाले मतदाताओं की कु ल संख्या शामिल होती है। इसके अतिरिक्त, यह उन मतदाताओं की संख्या को नोट करता है जिन्होंने रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के बाद मतदान नहीं करना चुना या नोटा किया। यह जाहिर है कि कानून और जनता के विश्वास का हवाला देकर चुनाव आयोग हरेक बूथ पर डाले गए वोटों का आंकड़ा देने से इंकार कर रहा है, जबकि मतदान के बाद वह गिने गए वोटों का आंकड़ा बताता ही है। आयोग के इस रवैये पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने आश्चर्य जताते हुए लिखा है कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहारू फॉर्म 17 अपलोड करने का कोई कानूनी आदेश नहीं है जो मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड है। सचमुच चौंकाने वाला है! यदि गिने गए वोट अपलोड किए गए हैं तो डाले गए वोट क्यों नहीं अपलोड किए जा सकते? ऐसे आयोग पर हम कैसे भरोसा करें! इसी तरह आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने भी टिप्पणी की है कि ईसीआई भूल गया है कि हमारे लोकतंत्र में लोगों को सूचना का अधिकार है! वास्तव में चुनाव संचालन नियमों का नियम 93 लोगों को फॉर्म 17सी सहित चुनाव पत्रों का निरीक्षण करने और उनकी प्रतियां मांगने की अनुमति देता है। चुनाव आयोग के इंकार के बाद कानून के कई जानकार इस पर सवाल उठा रहे हैं।

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम ( 105 किलोमीटर ) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ?

चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है। चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया। ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। अगर क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर न केवल ध्यान देना चाहिए बल्कि इसकी एडवांस प्लानिंग करनी चाहिए थी। निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वहां पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। सड़कों पर ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है। हालांकि धामों में अभूतपूर्व संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी वहां की स्थिति को स्वयं मॉनीटर कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपने सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को उत्तरकाशी में कैंप करने तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में यात्रा इंतजामों की लगातार निगरानी करने को कहा है। अगर आप चारधाम की यात्रा पर जा रहे हैं अथवा उसकी योजना बना रहे हैं तो सर्वप्रथम आपको सलाह है कि फिलहाल इस योजना को टाल दें। वहां पर अभी काफी अफरातफरी का माहौल है, इसलिए स्थिति सामान्य होने तक आप इंतजार करें।

## नजरिया

# मुकदमों के नतीजे पर टिका आप का राजनीतिक भविष्य

**कल्याणी शंकर**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले एक दशक में कई बाधाओं को पार किया है। फिर भी, उनका अटूट लचीलापन प्रेरणा का प्रतीक रहा है। वह और उनकी पार्टी इस वक्त शराब नीति मामले में सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। चुनौतियों के बावजूद केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा उनकी अदम्य कर्मठता का प्रमाण है। 49 दिनों के संक्षिप्त कार्यकाल और 2014 में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें हारने के बाद, उन्होंने 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में 70 में से 67 सीटें हासिल करके उल्लेखनीय वापसी की। पिछले महीने दिल्ली शराब नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी, जिसमें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप शामिल हैं, ने आम आदमी पार्टी के भविष्य पर अनिश्चितता की छाया डाल दी है। क्या यह पार्टी की राह का अंत होगा, या क्या वे इस तूफान का सामना कर सकते हैं और अपनी राजनीतिक यात्रा जारी रख सकते हैं?



शीर्ष अदालत द्वारा केजरीवाल को जमानत देने का फैसला, जिससे उन्हें मौजूदा चुनावों में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने की अनुमति मिल सकी, केजरीवाल के समर्थकों के लिए आशा की किरण है। यह सकारात्मक विकास केजरीवाल की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर अगर उन्हें जनता की सहानुभूति मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित उत्पीड़न और अपने सहयोगियों की कैद को उजागर करते हुए केजरीवाल खुद को दमित व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी जनता को यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि जेल में उनके साथ कैसा दुर्व्यवहार किया गया और कैसे उन्हें इंसुलिन और मधुमेह की दवा देने से इनकार कर दिया गया। नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी( आप ) की स्थापना के बाद से केजरीवाल की गिरफ्तारी पार्टी के लिए सबसे बड़ा संकट है। पार्टी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें आंतरिक संघर्ष, भ्रष्टाचार के आरोप और आम आदमी की पार्टी के रूप में अपनी छवि बनाये रखने की आवश्यकता शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में, इंडिया अगेंस्ट करप्शन के दिनों से केजरीवाल के कई सहयोगियों को हटा दिया गया है, समेत कई ऐसे आरोप हैं। केजरीवाल ने अपने इर्द-गिर्द केंद्रित एक व्यक्तित्व आधारित पार्टी की शुरुआत की है। आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना काफी नाटकीय रहा है। इसकी शुरुआत 2011 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से हुई थी। पार्टी कुछ ही महीनों के भीतर सत्ता में आ गई, लेकिन 48 दिनों में केजरीवाल का इस्तीफा आश्चर्यजनक नहीं था। हालांकि, अगले दो विधानसभा चुनावों में उन्होंने भारी बहुमत से जीत हासिल कर वापसी की। इन घटनाओं ने पार्टी के राजनीतिक प्रक्षेप पथ और केजरीवाल के लचीलेपन के बारे में जिज्ञासा जगा दी है। केजरीवाल हमेशा महत्वाकांक्षी रहे हैं। उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया और 2014 में बनारस में मोदी के खिलाफ भी खड़े हुए लेकिन हार गये। इस साहसिक कदम से केजरीवाल और उनकी पार्टी का रुतबा काफी बढ़ गया।

हाल ही में गठित इंडिया गठबंधन, जो एक महत्वपूर्ण राजनीतिक गठबंधन है और जिसका उद्देश्य भाजपा के प्रभुत्व को चुनौती देना है, में आप कांग्रेस के अलावा एक से अधिक राज्यों पर शासन करने वाली एकमात्र पार्टी के रूप में खड़ी है। यह गठबंधन उनकी पार्टी के दिल्ली और पंजाब से बाहर विस्तार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। हालांकि, वर्तमान में, आप का केवल 20 निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव पड़ेगा। केजरीवाल का राष्ट्रीय प्रभाव उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। आप के पास वर्तमान में लोकसभा में एक और राज्य सभा में दस सीटें हैं। पार्टी ने अन्य राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और अप्रैल 2023 में इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया। भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी का सत्ता में आना दिलचस्प है। भाजपा या वामपंथी दलों के विपरीत इसका कोई ठोस वैचारिक रुख नहीं है। यह ए.आई.ए. डी.एम.के., डी.एम.के., समाजवादी पार्टी, बीजू जनता दल, या राष्ट्रीय जनता दल जैसी क्षेत्रीय या समाजवादी पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं है।

इसके बजाय, इसने भ्रष्टाचार-विरोधी और मुफ्तखोरी संस्कृति के विकास का समर्थन करके शक्ति प्राप्त की है। आप अब दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में आप 13 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। यह गठबंधन केजरीवाल की राजनीतिक यात्रा के लिए एक आशाजनक दृष्टिकोण पेश करता है। आम आदमी पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक इकाई नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा छोड़े गये शून्य को भरने और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात जैसे राजनीतिक रूप से द्विध्रुवीय राज्यों को लक्षित करने के लिए तैयार है। मोदी ने मोदी की गारंटी का वायदा किया है, जबकि केजरीवाल ने दस सूत्री एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## टीबी मुक्त भारत सरकार कल्पना को चुना लगा रहें उनके ही मातहत

संवाददाता

**अयोध्या।** जिला मुख्यालय पर बने टीबी क्लिनिक में तैनात चिकित्सक डा. रोहित चौरसिया व कर्मचारियों के व्यवहार से यहां आने वाले मरीजों के प्रति सौतेले वव्यवहार को लेकर वहां से दूरी बनाने का मन बनाने लगे हैं। वहीं सरकार भारत को टीबी मुक्त बनाने की ओर जनता को जागरूक करने के लिए तमाम समाज सेवी संस्थाओं को जागरूकता अभियान चलवा रही है। यही नहीं इसी के तहत तंबाकू मुक्त अभियान भी चलवा रही हैं।

जबकि उनके ही मातहत चिकित्सक व कर्मचारियों के सौतेले व्युवहार को लेकर सरकार की तमाम कोशिश बेकार साबित होती नजर आ रही हैं। ताजा मामला गुरुवार को पड़ोसी जनपद अंबेटकरनगर निवासी 33 वर्षीय राजकरन को जिला अस्पताल के फिजिसिन डॉ. अनुभव चौधरी ने राज करन को टीबी के लक्षण मिलने पर टीबी क्लिनिक में दिखाने की सलाह दिया जिसपर उनके रिश्तेदार जो कि एक समाचार पत्र से भी जुड़े हैं राजकरन को लेकर टीबी क्लिनिक गए जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रोहित चौरसिया निकट गए तो उन्होंने पत्रकार अथवा उनके रिश्तेदार मरीज को कमरे से धक्के देकर बाहर कर दिया और कहां कि तुम कोई भी हो मैं वीआईपी सुविधा नहीं दे सकता डाक्टर के व्यवहार से आहत पत्रकार ने फोन पर सभी बाते डीटीओ डॉ. शुक्ला से बताई जिसपर उन्होंने डाक्टर के खिलाफ लिखित शिकायत करने की सलाह देते हुए शुक्रवार को अपने कार्यालय बुलाया हैं।

वहीं चिकित्सक के इस व्यवहार की तमाम बाते भी सामने आई कि वह हर किसी से इसी तरह का रवैया अपनाते हैं। अब एसे में कोई ग्रामीण मरीज कैसे अपना इलाज करवाएगा यह एक बड़ा सवाल हैं कि टीबी को समाप्त करने के लिए हर नागरिक को जागरूक रहने अथवा दूसरो को जागरूक करने का माध्यम बनाया गया हैं। वहीं एक डाक्टर का यह व्यवहार अभियान में रोड़ा बन सकता हैं। इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित मरीज व पत्रकार शुक्रवार को सी एम ओ अथवा जिला क्षय रोग अधिकारी से मुलाकात लिखित शिकायत करने की बात कही हैं।

# पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है, हम लेकर रहेंगे

संवाददाता

**गोसाईगंज-अयोध्या।** अंबेडकर नगर लोकसभा सभा क्षेत्र के गोसाईगंज विधानसभा के हजारों भाजपा कार्यकर्ता पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी व गोसाईगंज नगर के भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में शिव बाबा धाम पर अमित शाह की विशाल रैली में पहुंचे।वहां केंद्र सरकार में गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रितेश पान्डेय के समर्थन में गुरुवार को जिले के शिवबाबा धाम के ग्राउंड में जनसभा को सम्बोधित करते हुए

कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनायें। एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण पर कोई डाका नहीं डाल पाएगा। ये मोदी की गारंटी है। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए




कहा कि आज भगवान बुद्ध की जयंती है, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मैं समस्त दुनिया में फैले बुद्ध अनुयायियों को शुभकामनाएं देता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल जी, अखिलेश जी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया, लेकिन ये नहीं आए, क्योंकि ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। उन्होंने कहा कि जो श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गया, क्या अंबेडकरनगर वाले उनका साथ देंगे? कांग्रेस वाले डराते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। अरे राहुल बाबा, हम भाजपा वाले हैं, पाकिस्तान के एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे। मैं आज राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं, अगर आपको बहुमत मिलता है, तो आपका प्रधानमंत्री कौन होगा?... शरद पवार बन सकते हैं क्या? लालू यादव बन सकते हैं क्या? उद्धव ठाकरे बन सकते हैं क्या? राहुल गांधी बन सकते हैं क्या?... जब उनसे पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा, तो उनके एक नेता ने कहा हम 5 साल बारी-बारी बनेंगे। देश ऐसे चल सकता है क्या?..


उत्तर प्रदेश की ये भूमि सुहेलदेव महाराज की भूमि है। जिन्होंने महमूद गजनवी के भांजे सालार मसूद को यहां जिंदा गाढ़ दिया था। आप भाजपा की सरकार बना दो, 50 करोड़ रुपया खर्च करके महाराज सुहेलदेव का पुतला हम लगवाएंगे। इस रैली में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी में सैकडो वाहनों गाड़ियों के साथ हजारों की संख्या में शिव बाबा प्रांगण में नरेंद्र मोदी अमित शाह खब्बू तिवारी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए लोग पहुंचे. प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में भी गोसाईगंज बाजार से सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता पूरे बाजार में नरेंद्र मोदी अमित शाह का नारा लगाते हुए शिवबाबा रैली स्थल पर पहुंचे।

## सफेद हाथी साबित हो रही पानी की टंकियां

- पांच साल में भी पूरी नहीं हुई पेयजल पुनर्गठन योजना
- जलापूर्ति के लिए एक चुनाव तक और इंतजार को मजबूर हुई नगर पंचायत अमेठी

संवाददाता

**अमेठी।** जिले में जलनिगम की वाटर सप्लाई की सबसे ख़राब स्थिति अमेठी नगर की है।यहाँ पाँच साल से पानी की आपूर्ति बंद है।जल उपभोक्ताओं ने अपने कनेक्शन कटवा लिए है।केंद्र सरकार की परियोजना धन आवंटन न होने के कारण अधर में लटकी हुई है।विधायक और सांसद की ओर से धन आवंटन कराने के मामले में कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा है।नगर पंचायत की आबादी लगभग 40 हजार है। कुल 12 वार्ड हैं।



> नगर पंचायत में स्थित सभी ख़राब हैंडपम्प ठीक करा दिए गए है।पेयजल का कोई संकट नहीं है। अमृत योजना का कार्य शुरू हो चुका है।
>
> **अभिनव यादव**
> **अधिशासी अधिकारी**

जलापूर्ति के लिए जल निगम की ओर से दो पानी की टंकिया पिछले पाँच साल से सफ़ेद हाथी साबित हो रही है। जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होने के कारण जल निगम का पानी एक बूंद भी नहीं आ रहा है। डबल इंजन सरकार की ओर से नगर पंचायत को अमृत योजना में शामिल किया गया है।अमृत योजना के काम अभी प्रथम चरण में है। नलकूपों के स्थापना के काम अभी नहीं हो पाए हैं। नगर पंचायत में 650 हैंडपम्प स्थापित है।इनमें से अधिकांश हैंडपंप गर्मी में पानी छोड़ चुके है। मध्यम वर्गीय परिवार बोतल का पानी पी रहे है।

## हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 14 सीएचसी पर दो-दो बेड आरक्षित

संवाददाता

ठसीएम योगी ने कुछ दिन पहले उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दे दिए थे। उसी क्रम अयोध्या जिले में नोडल अधिकारी /एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले की 14 सीएचसी पर दो-दो बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिला अस्पताल में भी आठ बेड का रिजर्व वार्ड लू के मरीजों के आरक्षित किया गया है। इन सभी स्थानों पर कलर कोडिंग के माध्यम से हीट-वेव एलर्ट सम्बंधी डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। हीट-वेव के समय क्या करें और क्या न करें की प्रचार सामाग्री के व्यापक प्रचार प्रसार किए जा रहे हैं।



**स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओआरएस0 की पैकेट की समुचित व्यवस्था:** स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओ0आर0एस0 की पैकेट की समुचित व्यवस्था किया गया हैं। अस्पतालों में मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं। तीव्र गर्मी से बचाव हेतु विद्यालयों के समय में परिवर्तन किये जाने, सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था है अस्पताल एवं हेल्थ सेंटर में पावर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। श्रमिक/कामगारों के कार्य घंटों में परिवर्तित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

**बढ़ते तापमान के हो सकते हैं गंभीर दुष्प्रभाव एवं डायबिटीज रोगी बरतें सावधानी:** उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता रहा है। ज्यादा देर तक गर्मी या धूप के संपर्क में रहने से हीट स्ट्रोक, बेहोशी, चक्कर आने, लो ब्लड प्रेशर, हृदय गति में असमानता जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज, हार्ट और ब्लड प्रेशर की दिक्कत रही है, उनके लिए अधिक तापमान की स्थिति के कारण जटिलताओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है। गर्मियों में निर्जलीकरण होना सामान्य है और इससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा डायबिटीज की समस्या आपकी रक्त वाहिकाओं-तंत्रिकाओं को भी नुकसान पहुंचाने लगती है, इनमें पसीने की ग्रंथियों की तंत्रिकाएं भी शामिल हैं। इन स्थितियों में हीटवेव की समस्या शरीर को ठंडा रखने के तंत्र को भी प्रभावित कर देती है।

## सीएचसी मवई में टीबी की दवाओं का टोटा

संवाददाता

**रुदौली- अयोध्या।** क्षय रोग(टीबी) उन्मूलन अभियान के दावे तार-तार होते नजर आ रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में दवाओं की कमी इसमें बाधा बन रही है।तीन महीने से टीबी रोगियों के लिए दवाओं की आपूर्ति प्रचुर मात्रा में नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से अस्पतालों का दवा भंडार खाली होने के कगार पर है।फिलहाल मरीजों को 15 दिन की जगह दो से तीन दिन की दवा की खुराक देकर काम चलाया जा रहा है।आलम यह है कि यदि जल्द ही सप्लाई नहीं की गई तो ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल टीबी रोगियों के इलाज से हाथ खड़े कर सकता है। सीएचसी मवई में विगत दो तीन माह से टीबी के मरीजों को महज दो तीन दिन की दवा देकर उन्हें पुनः सीएचसी बुलाया जाता है।

जिससे मरीजों की भागदौड़ बढ़ गई है।सीएचसी कर्मियों की मानें तो इस समय टीबी की दवाओं की कमी है।इस बीमारी की बात करें तो प्रारंभिक चरण में टीबी की बीमारी पकड़ में आने पर न्यूनतम छह माह तक निरंतर दवा चलाई जाती है।जिला क्षय रोग अस्पताल व ग्रामीण क्षेत्र की सीएचसी ऐसे रोगियों को 15 दिन से एक महीने तक की दवा की खुराक देकर उनकी निगरानी करता है।

वहीं टीबी उन्मूलन अभियान के तहत जिला स्तरीय टीम इन रोगियों को उनके घर पर ही दवाओं की सुविधा प्रदान करती है।इसके अलावा रोग से लड़ने के लिए मरीजों को जागरूक किया जाता है।विडंबना यह है कि इस रोग से लड़ने में सबसे कारगर हथियार दवा ही आजकल उपलब्ध नहीं है।मरीजों का कहना है कि बमुश्किल दो से तीन दिन की दवा ही दी जा रही है।

## देश की तरक्की के लिए महिलाओं का हुनरमंद होना आवश्यक:डॉक्टर बबिता वर्मा

संवाददाता

**कुमारगंज -अयोध्या।** गांव की महिलाएं जो आर्थिक तंगी के चलते अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सकी तथा घर गृहस्थी के जंजाल में जिनकी ख्वाहिश पूरी नहीं कर सकी ऐसी महिलाओं के लिए नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान एक नई आशा की किरण लेकर आया हैं ।अमानीगंज विकासखंड के श्रीमती सियाराजी एन सी टी ओ पी टी इंटर कालेज मोहली में केला रेशा में नवाचार से संबंधित प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रत्येक बैच में तीस महिला को प्रशिक्षण दिया जाना है किंतु कौतूहल और नवाचार के चलते हर बैच में पैतालीस से पचास महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के सामुदायिक विज्ञान महा-विद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर बबिता वर्मा ने महिलाओं को केला रेशा




से विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बनाना और उसे आकर्षक बनाना सिखाया। डाक्ट वर्मा ने कहा कि बिना खूबसूरत दिखे उत्पादों की सही कीमत नही मिल पाती है। ऐसे में हमे साज सज्जा का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है।डॉक्टर बबिता वर्मा के साथ महाविद्यालय की डॉक्टर ममता आर्या ने महिलाओं को फूलो से रेशा की रंगाई करना,रेशा को चमकदार बनाना सिखाया।कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की मांग देश के बड़े शहरों में बहुत है। इसके लिए संस्था के देश के प्रमुख शहरों में सरकार के साथ समन्वय स्थापित करके मेला और प्रदर्शनी के माध्यम से इनकी विक्री सुनिश्चित की जाएगी,जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके। केला रेशा निर्मित उत्पादों के व्यवसाय को व्यापक स्तर पर लंबे समय तक संचालित करने के लिए संस्था के आई आई टी कानपुर ,आई आई टी दिल्ली,आई आई टी खड़गपुर,राष्ट्रीय केला अनुसंधान संस्थान त्रिची, राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान कलकत्ता ,केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान मुंबई,उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर तथा नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के साथ एक समझौता किया जा रहा है जिससे अयोध्या में जनपद केला रेशा पर बड़ा कार्य हो सके।

## श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के बाद हुआ महाप्रसाद का वितरण

**गोशाईगंज -अयोध्या।** गोसाईगंज कस्बे के दशरथ वाटिका में चल रहे श्रीमद भागवत कथा का 22 मई बुधवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन तेलियागढ़ निवासी श्री भगवान कसौधन श्रीमती मुन्नी देवी किसान निधि में यह कथा का आयोजन हुआ था। श्रीमद भागवत कथा स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज पीठाधीश्वर अशर्फी भवन, अयोध्या धाम के मुखारविंद से सोमवार 13 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ जो 22 में 2024 बुधवार महाप्रसाद एवं विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण हुआ। इस विशाल भंडारे में भाजपा अंबेडकर नगर सांसद प्रत्याशी रितेश पांडे, गोशाईगंज विधायक अभय सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश चंद्र कसौधन, भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग, सभासद अवधेश स्वर्णकार, रविंद्र यादव,पूर्व सभासद सर्वेश कुमार मोनू, राम प्रसाद कसौधन, नगर कसौधन समस्त व्यापारी नगर व क्षेत्रवासी के सहयोग से संपन्न हुआ।

## श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पव

संवाददाता

**अमेठी।** बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं सद्भाव के साथ मनाया गया।त्रिसरण , पंचशील कार्यक्रम और भगवान बुद्ध और उनका धम्म विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। त्रिविध पावन पर्व का आरम्भ भी हुआ।

बुद्ध पूर्णिमा पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में आयोजित किया गया। यहां बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र और भंते धम्मदीप के मार्गदर्शन में बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ का समापन सुबह हुआ। त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की ओर से लिखित पुस्तक भगवान बुद्ध और उनका धम्म पर विस्तार से संवाद हुआ। भंते धम्मदीप ने कहा कि भगवान बुद्ध का आर्य आष्टांगिक मार्ग सबके लिए कल्याणकारी है। समता, ममता, करुणा, प्यार, बौद्ध धर्म के



आधार तत्व हैं।

वरिष्ठ नागरिक और अवकाश प्राप्त रेल कर्मी नागेश्वर प्रसाद बौद्ध ने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हैं। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि वर्तमान परिवेश ऐसा है जहां रुस , यूक्रेन,ईरान,ईराक में हो रही घटनाओं से दुनिया में अशांति का माहौल है, मानवता संकट में है, ऐसे समय में दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है।

विचार गोष्ठी में संतोष कुमार, डा नन्हे लाल,संजय कुमार,रामफल फौजी, हीरालाल, रामटहल,राम चंद्र सरस, श्याम कुमार,दीपा बौद्ध, सुमित्रा बौद्ध, सुमन बौद्ध,मोती लाल,बेंचूलाल, रामदेव,राम प्रताप , अशोक कुमार, कुलरोशन, बाबूलाल, अमृतलाल, रामलाल आदि मौजूद रहे।

जनता नगर में अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम आयोजित किए गया।बिसुनदासपुर में बौद्ध विहार पर बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बौद्ध धर्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। कार्यक्रम का संयोजन विनोद गौतम ने किया। भंते धम्मदीप,डा राजेश गौतम आदि मौजूद रहे।

> बुद्ध पूर्णिमा के पर्व का दुनिया में विशेष महत्व है। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व त्रिविध पावन पर्व है।यह पर्व भगवान बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं से सम्बंधित है।563ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा के दिन कपिलवस्तु के लुम्बिनी वन में उनका जन्म हुआ था।528ईसा पूर्व 35वर्ष की आयु में बोधगया में बोधि वृक्ष पीपल के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई।483पूर्व वैशाखी पूर्णिमा के ही दिन कुशीनगर में शाल वृक्ष के नीचे उन्हें महापरिनिर्वाण की प्राप्ति हुई।संसार में इस प्रकार की तीन घटनाएं किसी महापुरुष के साथ एक ही दिन नहीं घटी।यह पवित्र और मंगलकारी पर्व पूरी दुनिया में मनाया जाता है।
>
> **आर सी बौद्ध**
> **प्रदेश अध्यक्ष**
> **विश्व बौद्ध संघ, उत्तर प्रदेश**

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार

**तिलोई।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 160/24 धारा 376डी, 506 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित 2 आरोपी अखिलेश वर्मा पुत्र जगजीवन वर्मा निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र 18 वर्ष व संदीप कुमार पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को शाहमऊ तिराहे के पास से समय करीब 5 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया । इसी क्रम में गुरुवार को निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना मोहनगंज द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उक्त अभियोग में वांछित शेष अभियुक्त मुकेश कुमार उर्फ आशीष कुमार पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को मोहनगंज चौराहे से 11 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।

# नदी मे डूबने से बालक की मौत

संवाददाता

**जगदीशपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोमती नदी के तट पर स्थित पिछूती गांव के समीप साथियों के साथ नदी मे नहा रहे बालक की डूबने से मौत हो गई । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरो की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा है ।

गोमती नदी के तट पर स्थित पिछूती गांव के समीप बुधवार की शाम उस समय हडकंप मच गया। जब गांव के किनारे स्थित गोमती नदी पर बने पीपे वाले पुल के समीप अपने साथियों के साथ नहाने गए निहालपुर निवासी बाबू उम्र लगभग दस वर्ष डूबने से मौत



हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त बालक को ढूंढने हेतु गोताखोरो की मदद से सर्च आपरेशन चलाया लेकिन देर रात तक कोई सफलता हासिल नही हुई फिलहाल गोताखोरो की टीम ने दूसरे दिन कडी मशक्कत के बाद मृतक का शव ढूंढ लिया जिसे नदी से बाहर निकाल कर पुलिस को सौंप दिया जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज कर आवश्यक कार्रवाई मे जुटी ।

## बिजली कर्मियों की लापरवाही से हुई लाइनमैन की मौत, पोस्ट मार्टम के बाद गांव पहुंची लाश

संवाददाता

**संग्रामपुर/अमेठी।** बुधवार को शनिचरा में नई विद्युत लाइन तैयार करते समय अचानक बिजली आने से विद्युत स्पर्शाघात के शिकार हुए लाइन मैन की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। लाइन मैन की मौत की घटना से पीठीपुर सबस्टेशन पर तैनात विद्युत कर्मियों की लापरवाही सामने आई है। गुरुवार की शाम लाइन मैन की लाश पैतृक गांव बेलखरी पहुंची। परिवार और गांव के लोगों ने बिजली विभाग और प्रशासन से अनुमन्य आर्थिक सहायता के साथ पाल्य को मृतक आश्रित कोटे में नौकरी प्रदान करने का अनुरोध किया है।शाम को गांव में मृतक लाइन मैन राजकुमार पुत्र गया प्रसाद की लाश के साथ अवर अभियंता और बिजली विभाग के किसी जिम्मेदार कर्मचारी के न आने से गांव के लोगों ने तीखी





नाराजगी जताई है। अंतिम संस्कार अभी नहीं हुआ है।

**एस डी ओ और अधिशासी अभियंता ने लिखा पत्र:** लाइन मैन राजकुमार की विद्युत दुर्घटना में मौत के मामले में उपखण्ड अधिकारी ने अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर जानकारी दी और मृतक परिवार को क्षति पूर्ति अनुदान और अन्य देयों के भुगतान का अनुरोध किया है। अधिशासी अभियंता रोहित सिंह ने नियोक्ता कम्पनी मेसर्स ब्रांड कास्ट इंजी कांस्टलटेंट इंडिया लिमिटेड, नोएडा को क्षति पूर्ति अनुदान और अन्य देयों का भुगतान शीघ्र करने के लिए पत्र लिखा है।

अधिशासी अभियंता रोहित सिंह ने विश्व वार्ता से बातचीत में कहा कि मृतक के परिवार को शुक्रवार की शाम तक क्षतिपूर्ति अनुदान और अन्य सहायता प्रदान कर दी जाएगी।

**परिवार में कोहराम,बेलखरी में शोक की लहर:** लाइन मैन राजकुमार की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिवार में पत्नी सीमा और तीन छोटे बच्चे हैं। मां की मौत हो गई है। पिता वृद्ध और बीमार है। गुरुवार की शाम मृतक के घर पर शोक संवेदना को रिश्तेदारों और आस पास के गांवों से लोगों की भीड़ रही।एस ओ श्री राम गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की।एस ओ ने कहा कि परिवार के लोग मृतक का अंतिम संस्कार करें, पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जाएगी।

## समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गुप्ता ने लगाई चौपाल

**अयोध्याधाम।** ग्राम हैदराबाद तहसील हरैया जिला बस्ती के वरिष्ठ पत्रकार रविकांत आर्य के घर के पास लगाई गई चौपाल में इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह ने चौपाल कार्यक्रम लगाया अशोक सिंह ने ग्रामवासियों से कहा भाजपा सरकार ने संविधान को बदलने की बात कही है अशोक सिंह ने कहा कि अब झूठी सरकार को दरकिनार करके इंडिया गठबंधन की तरफ ध्यान देकर अपना मत सभी ग्रामवासी वह कार्यकर्ता बड़ी ही सूझबूझ से इंडिया गठबंधन को अपना मत देकर गठबंधन सरकार का बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करें इस चुनाव पर अशोक सिंह ने कहा कि इस घमंडी सरकार को अब उसकी जगह से उखाड़ फेंकना है अशोक सिंह ने ग्राम वासियों को बताते हुए कार्यक्रम का समापन किया जिसमें ग्रामवासी सहित अन्य सहयोगी कार्यकर्ता करण पाठक, राहुल गुप्ता ,इम्तियाज बेग गागा, गुड्डु भाई, कृष्णा गुप्ता ,आशीष गुप्ता , सिपाही मौर्य, आलिया बेग, आदि ग्राम की कई महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

## बीबीए व एमबीए के 23 विद्यार्थियों का समर इंटर्न के लिए हुआ चयन

संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीबीए व एमबीए के 23 विद्यार्थी लूलू शॉपिंग मॉल में समर इंटर्न के लिए चयनित किए गए।

इन विद्यार्थियों के इंटर्नशिप पूरी होने पर कंपनी मे नौकरी प्रदान कर दी जाएगी। व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल निर्देशन में परिसर के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कई नामी गिरामी कंपनियों से एमओयू किया गया था जिसका परिणाम रहा है कि बुधवार को लूलू शॉपिंग मॉल के लिए 23 विद्यार्थियों का समर इंटर्न के तौर पर चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि बीबीए और एमबीए के छात्र लगातार विभिन्न कंपनियों मे नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। कुलपति के सद्प्रयासों से 1400 से अधिक छात्र संख्या वाले व्यवसाय प्रबंध विभाग मे कौशल विकास के लिए स्किल डेवलपमेंट और प्लेसमेंट के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए और पेशेवर तथा कुशल प्रबंधन से बाजार की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार किया जा रहा हैं। इससे पहले भी लूलू मॉल द्वारा बड़ी संख्या मे विद्यार्थियों का चयन किया गया है। प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विवेक उपाध्याय और सूरज सिंह ने बताया कि इस वर्ष बीबीए व एमबीए के छात्र अडामा, बजाज, एसबीआई लाइफ जैसी बड़ी कंपनियों द्वारा दक्षता परीक्षा के उपरांत चुने गए। विभाग की इस उपलब्धि पर प्रो. शैलेंद्र वर्मा, डॉ. आशुतोष पांडेय, डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. रविंद्र भारद्वाज, डॉ. महेंद्र पाल सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया।

## जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में विवाद

**रुदौली - अयोध्या।** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम तेर में पुस्तैनी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया।विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस दो महिलाओं समेत आधा दर्जन लोगों को थाने पकड़ लाई। प्रभारी निरीक्षक बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि ग्राम तेर निवासी इमरान पुत्र रईस तथा भीम पुत्र अदालत के बीच गुरुवार को पुस्तैनी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद हो गया। विवादित भूमि के स्वामित्व को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने एक पक्ष के इमरान पुत्र रईस,शहनशाह पुत्र खालिद तथा दूसरे पक्ष के भीम पुत्र अदालत, शाहिद पुत्र भीम,चांद बानो पत्नी अब्दुल मन्नान तथा अंजली पत्नी शहंशाह को पकड़कर थाने ले आए।वही दूसरी ओर ग्राम तेर में ही बहन की शादी की बात को लेकर शादाब पुत्र इसरार तथा गुफरान पुत्र मुश्ताक के बीच विवाद हो गया।

# गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का आवाहन

संवाददाता




**सुलतानपुर।** बीते लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी रहे बाहुबली नेता पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने अखिलेश यादव से मिलकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। बुधवार को समाजवादी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने की बात कहते हुए गठबंधन प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए अपने समर्थकों का आवाहन किया। वहीं भाजपा सरकार में उनके परिवार एवं उनके समर्थकों पर हुए अन्याय को लेकर भाजपा पर हमला बोला। सपा अध्यक्ष रघुवीर यादव जिला प्रभारी रामवृक्ष यादव विधायक अरुण वर्मा जिला महासचिव सलाउद्दीन अहमद वीरेंद्र मौर्य नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र राजू चौधरी की मौजूदगी में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू पूर्व विधायक संतोष पांडेय के साथ कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा पिछले चुनाव में वह गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर मैदान में थे। बहुत मामूली अंतर से वे चुनाव हार गए। चुनाव जीतने के बाद मौजूदा सांसद मेनका संजय गांधी ने उनके परिवार को दबाने के लिए साजिशन कई मुकदमे दर्ज कराये। यहां तक कि उन्हें 5 माह जेल भी काटना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ रही उनकी बहन के निर्दोष होने के बावजूद भाजपा सरकार में फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। उनके सैकड़ो समर्थकों को जिला बदर समेत कई कार्यवाही का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा सबकी अपनी अपनी राजनीतिक विचारधारा है। सही समय पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने उन्हें जिम्मेदारी देते हुए पार्टी में शामिल किया है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी राम भुवाल निषाद को विजयी बनाना उनका लक्ष्य है।भाजपा पर हमलावर चंद्रभद्र सिंह सोनू यही नहीं रुके उन्होंने चुनाव में वोट के लिए कोटेदारों और प्रधानों को डराने धमकाने चुनाव बाद देख लेने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। भाजपा के भ्रष्टाचार पर हमलावर चंद्रभान सिंह सोनू ने कहा कि वह 10 साल विधायक रहे। कोई एक व्यक्ति नहीं कह सकता कि उन्होंने उससे पैसे मांगे हो। अपने भाई यशभद्र सिंह मोनू पर सवाल पर कहा वह हमारे छोटे भाई है, जहां मैं रहूंगा वही वह भी रहेंगे। पांच साल भाजपा की सरकार में उन्हें ही दबाया गया। फर्जी मुकदमा दर्ज करवा कर उन्हें 5 महीने जेल में रखा गया। कोई चाहेगा कि उसकी बहन बेटी पर मुकदमा हो। इस सरकार मे मेरी बहन पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। मैं जहां भी रहूंगा पूरी मजबूती दूंगा और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाऊंगा। चंद्रभद्र सिंह सोनू ने इंडिया गठबंधन की जीत का फार्मूला समझाते हुए कहा पिछले चुनाव में पुलवामा अटैक के बाद भावनाएं उफान पर थी जिसके कारण भाजपा को लाभ मिला। इस बार माहौल और मुद्दे अलग है।

बीते चुनाव में भाजपा के साथ खड़ा निषाद समाज इस बार इंडिया गठबंधन में खड़ा है। पिछड़ी जाति के वोटर इंडिया गठबंधन को जिताने का प्रयास कर रहे हैं। दलित समाज का 50त्न वोट इंडिया गठबंधन के साथ है। मेरे समर्थक इंडिया गठबंधन में वोट करें इसका मैं आवाहन कर रहा हू। यहाँ रामवृक्ष यादव ने चुनाव को लेकर संगठन की तैयारी को पुख्ता बताते हुए हर बूथ को मजबूत बनाकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कराने की रणनीति का खुलासा किया। वहीं पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने कहा पीडीए के फार्मूले पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है और सुल्तानपुर जीत कर समाजवादी पार्टी नया इतिहास बनाने जा रही हैं।

जिला महासचिव सलालुद्दीन अहमद ने कहा कांग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी के समर्थन से इंडिया गठबंधन जीत की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान सांसद के सारे दावे खोखले हैं।

वह जनता में अपनी भावनाएं बेचकर सत्ता पाना चाहती है जबकि उनके कार्यकाल में स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार के अवसर घटे हैं। देने के नाम पर जिले में उन्होंने आश्वासन की घुट्टी पिलाई है। पत्रकार वार्ता के बाद समाजवादी के नेताओं ने अपनी एकजुटता का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं पर बूथ संभालने का आवाहन किया। यहाँ नगर अध्यक्ष राजू चौधरी, पल्लव खेतान, राकेश श्रीवास्तव, दीपू, शारदा यादव, नफीसा बेगम ,देवेंद्र यादव, गुड्डू वीरेंद्र मौर्य समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बसपा सुप्रीमो मायावती ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला

संवाददाता




**सुलतानपुर।** बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा के लिए जनाधार बढ़ाने पहुंची बसपा सुप्रीमो मायावती ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार जनता को जो भी सुविधाएं दे रही है वह अपने घर से नहीं, बल्कि जनता के टैक्स से दे रही है। बुधवार को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मोतीगंज बाजार में आयोजित जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती करीब पौने दो बजे जब मंच पर पहुंची तो भीड़ देख गदगद हो गई। पार्टी प्रत्याशी उदराज वर्मा ने पार्टी का चुनाव चिन्ह हाथी भेट कर बसपा मुखिया का स्वागत किया। संबोधन के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा सपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियां पूंजीपतियों से बांड के माध्यम से चंदा लिया है। लेकिन बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी पूजी पति से चंदा नहीं लिया है। कहा कि आपस में गठबंधन कर सभी पार्टियां चुनाव लड़ रही है, लेकिन बसपा अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा की नीतियों से दलित व मुस्लिम समुदाय के लोग विकास से वंचित हो रहे हैं। जरूरतमंदों को मिल रहे फ्री राशन को लेकर बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा व आरएसएस अपनी जेब से फ्री राशन नहीं दे रहा है।

देश की जनता जो टैक्स का पैसा केंद्र सरकार को देती है, जो आपका पैसा है, जनता का पैसा है। उससे ही मौजूदा सरकार फ्री में राशन दे रही है। ये कोई मेहरबानी नहीं कर रही है।उन्होंने कहा कि देश में हर स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसके लिए भाजपा सपा व कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टियों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। वहीं अल्पसंख्यक मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए कहा कि मौजूदा सरकार में मुस्लिम समुदाय के लोगों का विकास बाधित हो गया है।

आरक्षण का कोटा अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। मायावती ने कहा कि पूर्व में केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार की तरह ही वर्तमान में भाजपा सरकार भी जातिवादी, हीनवादी, संप्रदाय वादी और पूंजीवादी सोच के चलते ही पूरे देश में खासकर दलितों गरीबों आदिवासियों, मुस्लिम आदि का विकास में उत्थान नहीं हो सका। पूरे देश में दलितों आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े पूरे देश में दलितों आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों का सरकारी नौकरियों में बरसों से अधूरा पड़ा आरक्षण का कोटा भी अभी तक पूरा नहीं भरा गया है।

# सदर तहसील में चुनाव न होने से वार काउंसिल खफा, चेतावनी जारी

■ तीन सप्ताह में चुनाव कराने का अल्टीमेटम, अन्यथा डिवार करने की कार्यवाही की चेतावनी

संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** अधिवक्ताओं के खिलाफ पैरवी करने से नाराज साथियों की नाराजगी का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश वार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड ने एल्डर्स कमेटी सहित वार एसोसिएसन तहसील सदर के अध्यक्ष और मंत्री को नाराजगी जताते हुए आदेश पारित किया है कि कार्यकाल खत्म होने के बाद नियमानुसार वार संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव शीघ्र संपन्न कराया जाये। कहा है कि उन्हें एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद कनौजिया के पत्र से सच्चाई जानने को मिली।

वार काउंसिल ने कहा कि चूंकि वार संघ का चुनाव 2 फरवरी 2023 को संपन्न हुआ था और कार्यकारिणी ने 16 फरवरी को कार्यभार ग्रहण कर लिया था। ऐसी स्थिति में एक वर्ष से ज्यादा समय व्यतीत हो चुका है। मॉडल वायलॉज के अनुसार अब तक चुनाव संपन्न हो जाना चाहिए था। चुनाव कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद अध्यक्ष अतर सिंह कटियार की हटधर्मिता और तानाशाही के कारण पुनः चुनाव संपन्न नही होने दिया जा रहा है। जोकि कदाचार की श्रेणी में है। कांउसिल के अध्यक्ष ने तहसील वार के अध्यक्ष व सचिव को निर्देशा दिये कि तीन सप्ताह के भीतर मॉडल वायलॉज के नियमों के साथ सीओपी धारक अधिवक्ताओं को मतदाता सूची में शामिल करते हुए वन-वार, वन वोट के सिद्वातं पर चुनाव संपन्न कराकर वार काउंसिल उत्तर प्रदेश को सूचित करें अन्यथा की स्थिति में अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 35 की तहत कदाचार का दोषी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही कर दी जायेगी। बता दें कि तहसील के अधिवक्ता अनूप कटियार के व्यक्तिगत मामले में कमालगंज ब्लाक के गांव अहमदपुर देवरिया के प्रधान की पैरवी ने वार के अध्यक्ष श्री कटियार ने राजस्व अधिकारियों पर अपने पद की आढ़ में दवाव बनाया गया था। जिसके बाद अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया था और तहसील के वकीलों में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष से शिकायत कर चुनाव की पुरजोर मांग उठाई थी। तीन किलो खोया भी चर्चा का विषय बना था। वहीं अधिवक्ता हित पर चोट को लेकर पूर्व अध्यक्ष मंजेश कटियार भी नाखुश हुए थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया लाइन मैन बुरी तरह झुलसा

संवाददाता

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र में ट्यूबवेल का कनेक्शन जोड़ने खंभे पर चढ़ा संविदा लाइनमैन 11 हजार विद्युत लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया हो गया। आनन-फ़ानन में झुलसे लाइनमैन को मौके पर मौजूद लोग सामिदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे ,जहां गंभीर हालत में डॉक्टरों ने लाइन मैन को लखनऊ रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार संविदा लाइनमैन की हालत गंभीर है। थाना क्षेत्र के बेलखरी निवासी राजकुमार पुत्र गया प्रसाद (35) पीठीपुर पावर हाउस पर संविदा लाइनमैन के पदे पर तैनात है। मंगलवार को कुड़वा राजापुर गांव में प्राइवेट ट्यूबवेल कनेक्शन जोड़ने खंभे पर चढ़ा था। इसी बीच पास से गुजरी ग्यारह हजार हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हाई टेंशन लाइन चपेट की चपेट में आने से लाइन मैन झुलस गया। मौजूद लोगों ने लाइन मैन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है । लाइनमैन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस ने दर्ज की सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट

तिलोई। मोहनगंज क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने बुधवार को तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि गत 19 मई की रात करीब 12 बजे उसके गांव के ही तीन युवकों ने घर में सो रही उसकी 15 वर्षीय बेटी को फोन करके बुलाया और उसके बाद खेत में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस सिलसिले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

# नौटंकी के प्रति कम नहीं हुआ आकर्षण

▸▸ कमासिन में जुटी हजारों की भीड़

संवाददाता



**अमेठी।** मनोरंजन के तमाम आधुनिक संसाधनों के विस्तार के बावजूद प्राचीन विधा नौटंकी के प्रति लोगों का आकर्षण कम नहीं हुआ है। आज भी नौटंकी देखने के लिए तमाम बुजुर्ग, युवा और महिलाएं पड़ोस के किसी भी गांव में नौटंकी होने पर अपना बोरिया बिस्तर लेकर रात भर डटे रहते हैं ।

कमासिन में बरसाती कोरी ने मंगलवार को गया जगन्नाथ के भंडारे का आयोजन किया था। भंडारे में शामिल लोगों और गांव वासियों के मनोरंजन के लिए नौटंकी भी कराई थी। पप्पू कोरी की जनता संगीत कम्पनी, टिकरी के कलाकारों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर रहे दो कलाकारों ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित गीत प्रस्तुत करके लोगों को अम्बेडकर मिशन को आगे बढ़ाने के साथ भारतीय संविधान की रक्षा के संदेश दिए। अगर भीम भारत में आए न होते अछूतों का कोई सहारा न होता,न कटते हमारे गुलामी के बंधन, अगर भीमाबाई का दुलारा न होता ------न रवि ने दिया है,न पैगम्बर ने दिया है, जो कुछ भी दिया है अम्बेडकर ने दिया है -----आदि गीतों को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

नौटंकी में फरमाइशी गानों पर नृत्य संगीत 12.15बजे तक चलता रहा। तमाशा शुरू होने के बाद युवाओं की कुछ भीड़ वापस हो गई, परंतु बुजुर्ग और महिलाएं सुबह छः बजे तक डटे रहे। ग्राम प्रधान त्रिभुवन यादव, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, पूर्व प्रधान कमलेश सिंह,जयकरन गिरि,रामकरन गिरि,बलिकरन गिरि घनश्याम सिंह, जगदीश, संतोष राजकुमार रामशंकर विश्वकर्मा, हनुमान गिरि , सुरेश कुमार, रामकिशोर, बृजलाल कश्यप,पित्तर दीन , राकेश आदि ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# कांग्रेस नेता को मंहगा पड़ा, पुलिस को घूस देना

▸▸ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता

**मुंशीगंज।** थाने के अंदर किसी अनैतिक काम को करवाने के लिए एसएचओ को 50 हजार रुपए घूस देना कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष और होटल संचालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने आरोपी को पचास हजार रुपयों के साथ हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस कांग्रेस नेता को जेल भेजने की तैयारी में जुटी हुई है। मंगलवार की शाम कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष और होटल संचालक आसिफ उर्फ छोटू थाने पहुंचा। किसी अनैतिक काम के लिए एसएचओ शिवनारायण सिंह को 50 हजार रुपए देने लगा। 50 हजार रुपए देते ही आसिफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आसिफ पर मुंशीगंज थाने में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल अब पुलिस कांग्रेस नेता को जेल भेजने की तैयारी में जुटी हुई है। आसिफ उर्फ छोटू होटल संचालक के साथ व्यवसायी और कांग्रेस का जिला कोषाध्यक्ष है। आसिफ का अमेठी कस्बे के मुंशीगंज रोड पर होटल इंटरनेशनल के नाम का होटल है। चुनाव के दौरान राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता इसी होटल में रुके थे। कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद सियासी हलचल भी शुरू हो गई है। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि आसिफ को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। वो अपना पैसा लेकर गौरीगंज से अमेठी जा रहे थे। जहां दरपीपुर गांव के पास से उन्हें 50 हजार रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# मानक के विपरीत हो रहा नाला निर्माण कार्य

▸▸ आरसीसी की जगह पुराने ईंटो से हो रहा निर्माण

संवाददाता



**अयोध्या।** रुदौली नगर के अशफाक उल्ला खान वार्ड (घोसियाना) मोहल्ले में हो रहे नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पुराने ईंटो से नाला निर्माण कर के अनियमितता बरती जा रही है एवं नाले की खोदाई करने के बाद 6 दिनों से मलबा न उठने के कारण रास्ता जाम हो गया है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुहल्ले वासियों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नाला निर्माण में पुरानी ईंटो के साथ घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।खुदाई के दौरान निकले पुराने मलबे के ईंटो को उसी नाला निर्माण में समाहित किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार बताया जा रहा कि नाला निर्माण कार्य आरसीसी मानक में पास हुआ है जबकि निर्माण से हो रहा,स्थानीय निवासी मो अफजाल, सिरताज आदि ने बताया कि 6 दिनों से रास्ता जाम होने के कारण महिलाओं बच्चो, बुजुर्गो सहित सभी को भरी परेशानी हो रही ठेकेदार कोई सुनवाई नहीं कर रहे है।भाजपा नेता नवनीत रस्तोगी ने नाले निर्माण में पुरानी ईंटो व घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करके नाला निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत रुदौली विधायक रामचंद्र यादव एवं नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी से की है। इस बाबत और अभियंता लाल मणि ने बताया कि यदि पुरानी ईंटों का प्रयोग हो रहा है तो गलत हो रहा है उन्हें ईंटों को हटवा कर पुनः नया हितों का प्रयोग करवाया जाएगा। मामले में अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि मौके पर अवर अभियंता को भेजा जा रहा है मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वही नाला निर्माण कार्य को मानक के अनुसार कराया जाएगा।

### रुदौली बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल बजा

**रुदौली- अयोध्या।** रुदौली तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल बज गया है। नई एल्डर कमेटी ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। 6 जून को चुनाव के बाद मतगणना होगी। इसको लेकर अधिवक्ता गुटों में हलचल तेज हो गई है। एल्डर्स कमेटी रुदौली ने बैठक कर तहसील बार एसोसिएशन की वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है।

# भरत- हनुमान मिलन मंदिर पर पाठ और यज्ञ का आयोजन

**बीकापुर-अयोध्या।** नंदीग्राम भरत कुंड के भारत - हनुमान मिलन मंदिर पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन बुधवार को विधिवत पूजन -अर्चन- वंदन के बाद शुरू हुआ है।, वैशाख शुक्ल पक्ष के पुर्ण वासी को यज्ञ होने के लिए बुधवार को मानस पाठ की शुरुआत में ही स्थानीय लोगों के साथ यात्रा में आए यात्री भी मानस पाठ से प्रसन्न होकर भक्ती के रस से सराबोर होकर मंदिर प्रांगण में थिरकने लगे हैं।

उक्त मंदिर के प्रमुख पुजारी संत परमात्मा दास के देख- रेख में नित्य-प्रति धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं। जिससे मंदिर में भक्तों के आते ही उनकी आत्मा में प्रभु राम और भाई भरत का चरित्र चलचित्र की तरह चलने लगता है। उक्त आयोजन पर एकत्र भीड़ को गुरुवार को होने वाली यज्ञ में आहुति डालने के लिए सभी लोगों को सुबह समय से यज्ञ स्थल पर आने के लिए आमंत्रित किया है।

# जांच मे फंसे राजर्षी दशरथ मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य

▸▸ प्रमुख सचिव ने तीन सदस्यों की जांच समिति बनाकर पूरे मामले की जांच के दिए निर्देश दिए

संवाददाता

**अयोध्या।** लोकायुक्त की जांच मे राम नगरी अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. ज्ञानेंद्र कुमार बुरी तरह फंस गए हैं। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है। इस संदर्भ में लोकायुक्त प्रशासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को तीन सदस्यों की जांच समिति बनाकर पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच टीम को कहा गया है कि 24 मई तक जांच रिपोर्ट लोकायुक्त प्रशासन को पेश करें।

राम नगरी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ड्रीम सिटी है।लोगों को सही व सस्ती स्वास्थ सेवाएं मिल सके इसके लिए भाजपा सरकार ने मेडिकल कालेज मे तमाम सुविधाएं मुहैया कराई हैं। फिर भी यहां के मेडिकल कालेज की स्थिति कुछ अच्छी नहीं हैं।अस्पताल भ्रष्टाचार का केन्द्र बन गया है। इसे लेकर सिद्धार्थनगर निवासी सतीश चन्द्र की शिकायत पर लोकायुक्त ने प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार के विरुद्ध जांच शुरू कराई है। सतीश चन्द्र ने शिकायत में आरोप लगाया है कि कई प्रकार की बीमारियों की जांच के लिए मशीनों की खरीद की हैं। इन मशीनों की खरीद करने में उन्होंने भ्रष्टाचार किया है। साथ ही अस्पताल में पहले चल रहे आइसीयू को निजी अस्पतालों के साथ मिलीभगत करके बंद करा दिया है। वार्ड ब्वाय की भर्ती में भी एक-एक लाख रुपये लेने के आरोप शिकायतकर्ता ने लगाए हैं।

# खोदे गए तालाबों में प्रधान भरवाएगें पानी

संवाददाता



**पूराबाजार-अयोध्या।** ब्लाक मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में अब धूल नहीं उड़ेगी। अब मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में प्रधान, सेक्रेटरी व बीडीओ पानी भरवाएगें। इसकी निगरानी एसडीएम करेंगे। सूखे तालाबों के बारे में जानकारी होने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया है।

सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर पानी की व्यवस्था जिम्मेदार लोगों से कराने के लिए कहा है। बताया जैसे ही तालाबों में पानी भरा जाएगा। वैसे ही मवेशियों को पीने के पानी की किल्लत खत्म हो जाएगी। साथ ही गांव के पानी का स्टेटा भी मेंटेन रहेंगा। क्षेत्र में पीने के पानी को लेकर एक ओर आदमी तो जद्दोजहद कर ही रहा है। जानवरों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कारण की अधिकांश तालाबों में पानी नहीं है। ग्रामीण अंचल में मनरेगा के तहत खोदे गए अमृत सरोवरों की पड़ताल में पाया गया कि पचास फीसदी से अधिक तालाबों में धूल उड़ रही है। पानी के अभाव में छुट्टा मवेशी भटक रहे है।

पिछले दिनों तालाब में पानी की कमी के कारण एक गांव में एक कछुआ रात में गांव की ओर जाते हुए दिखायी दिया था। माना जा रहा था कि तालाब में पानी न होने के कारण प्यासा कछुआ गांव की ओर जा रहा था। मनरेगा के तहत करीब सौ अमृत सरोवर व तीन सौ के करीब सामान्य तालाब है। बीडीओ अनुराग सिंह ने बताया कि आदेश को अमल में लाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया गया है। सभी प्रधानों को पत्र भेजकर व्यवस्था के लिए कहा गया है जहां दिक्कत होगी वहां ब्लाक स्तर से कार्य होगा

# मूक बधिर बच्चों के द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता अभियान रैली

संवाददाता

**अयोध्या।** बीकापुर तहसील अंतर्गत ग्राम बैंती कला स्थित अवाम स्पेशल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज व अवाम स्पेशल स्कूल द्वारा संचालित एवं वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आज मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम लोकसभा सामान्य निर्वाचन2024 विद्यालय प्रांगण में रैली निकाल कर किया गया जिसमें मूक-बधिर एवं मानिक मंदित बच्चों ने गांव में शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु जन जन तक अपनी आवाज पहुंचाई। बच्चों ने वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, पहले मतदान फिर जलपान जैसे नारों से लोगों का ध्यान मतदान के प्रति आकर्षित किया।

# कृपा शंकर अध्यक्ष विनोद त्रिपाठी महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित



▸▸ डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवर्षीय अधिवेशन संपन्न

संवाददाता

**अयोध्या।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उ.प्र. शासन अयोध्या शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव विवादो के बीच हुआ सम्पन्न। बुधवार को सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित अधिवेशन के दौरान संगठन का कार्यक्रणी के पुनर्गठन को लेकर कुछ सदस्य ने आपत्ति दर्ज कराते हुए विधि पूर्वक चुनाव कराने की मांग उठाई जिसे लेकर सभागार में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष ने सदस्यों को शांत कराते हुए कहां कि आगामी जुलाई माह में अध्यक्ष के एस चौधरी संयुक्त परिषद के पद से इस्तीफा देंगे जिसके बाद डीपीआरओ का चुनाव कराया जायेगा जिस पर जिसकी सहमति के बाद सभी पदों पर निर्विरोध घोषित कर दिया गया।

मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जी के सचान व प्रांतीय महामंत्री अरविंद जी व प्रांतीय सचिव प्रदुम सिंह मंडल अध्यक्ष बी एन आर्या मंडलीय सचिव नरेंद्र वर्मा व संरक्षक आर के सिंह की देख रेख में संपन्न हुआ

# मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया भरत कुंड व भरत गुफा का निरीक्षण

संवाददाता



**अयोध्या।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा भरत कुंड और भरत गुफा का निरीक्षण धीरज श्रीवास्तव संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ किया गया। निरीक्षण के समय उ0प्र0 परियोजना निगम के परियोजना प्रबंधक विनय कुमार जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राजेष कुमार सिंह, अवर अभियंता ए0पी0सिंह व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उ0प्र0 परियोजना निगम द्वारा भरत कुड स्थल पर कराये गये कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय उ0प्र0 परियोजना निगम के परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया की चौरासी कोस परिक्रमा के अन्तर्गत 8 स्थल दुग्धेश्वर कुंड, दशरथ समाधि, भरत कुंड आदि के कार्य की स्वीकृति शासन द्वारा 20.56 करोड़ रू0 की हुई थी। स्वीकृत कार्यो में से 6 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं शेष 2 कार्य करना बाकी है। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा भरतकुंड पर एक शौचालय, अतिथि विश्राम गृह तथा सीढियों का निर्माण कराया गया है शेष परियोजना का कार्य प्रगति पर है। भरत कुण्ड पर एक शेड तथा कुछ अन्य कार्य करना शेष है। परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि अवशेष कार्य दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। भरत कुंड और भरत गुफा पर यात्री सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग,सौन्दर्य विकास, प्रकाश और ध्वनि प्रणाली, वाटर पिकिंग कुंड के चारो तरफ घाट के निर्माण, कुंड के बीच में राम भरत मिलन के मूर्ति स्थापित करने और तालाब के पानी को साफ करने पर विचार विमर्श किया गया परियोजना प्रबंधक को अवशेष कार्य दो माह में पूर्ण करने एवं इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत क्या कार्य कराए जा सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

### यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर हवाई हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गठबंधन बल ने कथित हवाई हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने बुधवार को हूती समूह के नियंत्रण वाले क्षेत्र में चार हूती ड्रोन को नष्ट कर दिया था। स्थानीय निवासियों ने कहा कि उन्होंने हवाई अड्डे पर तेज विस्फोटों की आवाज सुनी है।होदेइदाह हवाई अड्डा 2014 के अंत से बंद है, जब हूती समूह ने होदेइदाह सहित कई उत्तरी शहरों पर कब्जा कर लिया था। गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए, हूती समूह ने पिछले साल नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से संबद्ध जहाजों को निशाना बनाते हुए जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करना शुरू कर दिया।

### गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं : ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं। श्री ट्रम्प ने गुरुवार को न्यूयॉर्क शहर में चुनावी अभियान रैली में कहा, ‘ ऐसे बहुत से बंधक जिनका आप या हर कोई इंतजार कर रहे हैं , उनमें कई मर चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि हमास के वार्ताकार इजरायल के साथ बंधक समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि उनके अधिकांश बंधक मर चुके हैं। इससे पहले सोमवार को श्री ट्रम्प के तीन राजनयिकों ने गाजा संघर्ष पर नवीनतम जानकारी के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी।

### स्पेन के मैलोर्का द्वीप पर इमारत ढही, चार की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के मैलोर्का द्वीप में पाल्मा शहर में एक इमारत ढहने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और 21 लोग घायल हो गये। बेलिएरिक द्वीप समूह की बचाव सेवा टीम के मुताबिक प्लाया डे पाल्मा में कार्टागो स्ट्रीट पर एक इमारत के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि दो मंजिली इमारत की छत पर स्थित एक बार की छत गिरने के कारण यह घटना हुई। कुछ लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं तथा मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### महिला पर्वतारोही ने सबसे कम समय में एवरेस्ट पर चढ़ी

**काठमांडू।** नेपाली मूल की एक महिला पर्वतारोही 15 घंटे से भी कम समय में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला पर्वतारोही बन गई हैं। पर्यटन विभाग के सूत्रों के अनुसार, गोरखा की फुंजो लामा बृहस्पतिवार सुबह छह बजकर 23 मिनट पर 8,848 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ गईं और महिला पर्वतारोहियों में सबसे तेज एवरेस्ट पर चढ़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, लामा ने बुधवार को अपराह्न तीन बजकर 52 मिनट पर आधार शिविर से चढ़ाई शुरू की और बृहस्पतिवार सुबह छह बजकर 23 मिनट पर चोटी पर चढ़ गईं। वह आधार शिविर से 14 घंटे 31 मिनट में चोटी पर पहुंचीं। उन्होंने हांगकांग की एडा त्सांग यिन-हंग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया जो 2021 में 25 घंटे और 50 मिनट में एवरेस्ट की चोटी पर पहुंची थीं।

### भारतीय मूल की महिला को सिंगापुर में कारावास

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की मलयेशियाई महिला को सिंगापुर में तीन सप्ताह के कारावास की सजा सुनाई गई है। उन पर अक्तूबर 2019 और फरवरी 2020 के बीच 68 इलेक्ट्रॉनिक रोड प्राइसिंग (ईआरपी) अपराधों और पांच अवैध पार्किंग के 14 आरोप हैं। दीवानाई करुणानिधी ने अपनी एक बाइक के लाइसेंस प्लेट को बदल दिया था। जिससे सड़कों पर स्थापित ईआरपी प्रणाली द्वारा सड़क उपयोग शुल्क से बचा जा सके। मामला 21 फरवरी 2020 को सामने आया, जब एक एलटीए अधिकारी ने देखा कि करुणानिधी के बाइक के आगे-पीछे के लाइसेंस प्लेट का नंबर अलग-अलग है।

# नागरिकों की रक्षा मेरी जिम्मेदारी, चुनौती के सामने डटे हैं

**चीन के सैन्य अभ्यास पर ताइवान के राष्ट्रपति ने की टिप्पणी**

एजेंसी



**ताइपे।** चीन ने ताइवान के खिलाफ अपना व्यापक सैन्याभ्यास शुरू किया। चीनी दुस्साहास के जवाब में ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने और ताइवान की रक्षा करने की प्रतिज्ञा की। बता दें, चीन ने अपने सैन्याभ्यास को ज्वाइंट स्वॉर्ड- 2024ए नाम दिया है। इसका उद्देश्य ताइवान की सत्ता पर कब्जा करना, संयुक्त हमले शुरू करना और प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जा करना है।

साथ ही ताइवान की क्षमता का आकलन करना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के रूप में पहली बार चिंग-ते ने ताओयुआन में पदस्थ मरीन कॉर्प्स की 66वीं ब्रिगेड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी जिम्मेदारी देश की रक्षा करना और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लाई ने कहा कि हम बाहरी चुनौतियों और खतरों के सामने डट के खड़े हैं। हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करेंगे।

हम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की रक्षा करेंगे। हम सैन्य कर्मियों के साथ खड़े हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करेंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों को आश्वासन दिया कि अपने पद पर मजबूती से डटे रहें। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना की क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में सुधारों, रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और सैन्य कर्मियों की देखभाल सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालांकि, उन्होंने चीनी सेना के सैन्याभ्यास पर सीधे तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की। लाई चिंग-ते ने सोमवार को ताइवान के नए राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभाला। अपने शपथ समारोह में उन्होंने कहा था कि चीन को युद्ध की धमकी छोड़ देनी चाहिए। राष्ट्रपति लाई अपने भाषण में स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों पर जोर दिया था। उन्होंने बाहरी चुनौतियों और खतरों के खिलाफ ताइवान की रक्षा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा था कि हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करेंगे। क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करना जारी रखेंगे। लाई के कार्यभार संभालने पर चीन ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। लाई को बधाई देने के लिए चीन ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की निंदा की। चीन ने ताईपे का समर्थन करने वाले एक अमेरिकी कांग्रेसी और अमेरिका के रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध भी लगाया।

## पपुआ न्यू गिनी के गांव में भूस्खलन, कम से कम 100 की मौत

**सिडनी ।** पपुआ न्यू गिनी के एक सुदूर गांव में भूस्खलन से कम से कम 100 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक, यहां एंगा प्रांत में काओकालम गांव के पास स्थानीय समयानुसार सुबह करीब तीन बजे आए भूस्खलन से कई घर तबाह हो गए। राहत-बचाव कर्मी यहां लोगों को निकालने का काम कर रहे हैं। कई शवों को निकाला भी जा चुका है। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टर एबीसी ने स्थानीय लोगों के हवाले से इस घटना की जानकारी भी साझा की। काओकालम के एक शख्स ने चैनल को बताया कि लोगों के लिए राहत-बचाव कार्य काफी मुश्किल हो रहे हैं। कई भारी पत्थर, पेड़ और पौधे गिर गए हैं। इससे इमारतों को नुकसान पहुंचा और वह भी ढह गईं। इसके चलते शवों को खोजने में काफी मुश्किल आ रही है।



एक और महिला एलिजाबेथ लारुमा ने कहा कि पास की पहाड़ी से मिट्टी और पेड़ों के गिरने से कई घर तबाह हो गए। यह उस वक्त हुआ, जब पूरा गांव गहरी नींद में था। उन्होंने कहा कि गांव के 100 से ज्यादा लोग मलबे में दबे हैं। इस भूस्खलन से गांव का पोर्गेरा शहर से संपर्क कट गया है। यह शहर अपनी सोने की खदानों के लिए चर्चित है। लारुमा ने कहा कि सड़कों के बंद होने की वजह से लोगों में आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति को लेकर चिंता बैठ गई है, क्योंकि यह भी साफ नहीं है कि यह मलबा कब तक हटेगा और जरूरी चीजें लोगों तक कैसे पहुंचेंगी। उन्होंने पपुआ न्यू गिनी सरकार और एनजीओ से तत्काल सहायता भेजने का आह्वान किया।

# इमरान खान के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद पार्टी के अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध इमरान खान पार्टी ने शुरू किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार राजनीतिक पार्टी कार्यालय के गरिमा का उल्लंघन कर रही है। बृहस्पतिवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए सीडीए की अतिक्रमण विरोधी टीम ने अभियान चलाया। पीटीआई के मुख्यालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के साथ अतिक्रमण विरोधी टीम ने पीटीआई मुख्यालय को सील कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने मौजूदा सरकार को खूब खरी-खोटी सुनाई। बता दें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी जेल में हैं। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली ने कहा कि सीडीए के पास इस ऑपरेशन का कोई परमिट नहीं था। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कोई नोटिस तक नहीं भेजा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने संसद के बाद सबसे प्रतिष्ठित परिसर होने के बावजूद एक राजनीतिक पार्टी कार्यालय की पवित्रता और नियमों का उल्लंघन किया है। पीटीआई अध्यक्ष ने दावा किया कि कोई अवैध निर्माण परिसर में नहीं था। लेकिन मान लेते हैं कि कोई अवैध निर्माण था, लेकिन सीडीए को ऑपरेशन से पहले सूचना भेजनी चाहिए। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि देर रात पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के केंद्रीय कार्यालय पर हथियारबंद हमला और तोड़फोड़।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी पर जनादेश चोर सरकार ने रात के अंधेरे में किए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने आगे लिखा कि धमकी, अराजकता और बल के अंधाधुंध इस्तेमाल के आगे न झुकने और सच्ची आजादी के एजेंडे से किसी भी तरह पीछे न हटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए। पीटीआई के महासचिव और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी पर पार्टी के कार्यालय में अवैध कार्रवाई की साजिश रचने का आरोप लगाया। कहा कि पीटीआई को अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे कानूनी तरीकों से लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम सीडीए के चेयरमैन, आईजी इस्लामाबाद को नेशनल असेंबली की विशेषाधिकार समिति में तलब करेंगे। वहीं सीडीए अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों से संबंधित कार्यालयों के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। जिस भूखंड पर पीटीआई कार्यालय बना है, उसकी जांच की जा रही है, क्योंकि इसे सरताज अली नामक व्यक्ति को आवंटित किया गया है।

# मेरा पासपोर्ट सस्पेंड है, इसलिए नहीं लौट पा रहा भारत : मेहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी ने कहा कि आपराधिक मुकदमे से बचने के लिए उसने भारत नहीं छोड़ा और न ही देश लौटने से इनकार किया है। चोकसी ने कहा कि भारतीय अधिकारियों ने उसका पासपोर्ट सस्पेंड कर दिया है, इसलिए वह भारत नहीं लौट पा रहा है।

मेहुल चोकसी ने दावा किया कि 2018 में जब प्रवर्तन निदेशालय ने उसे समन जारी किया था और एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा था, तब उसने अपने जवाब में पासपोर्ट सस्पेंड होने की जानकारी दी थी। स्पेशल क्क्र कोर्ट में मेहुल चोकसी ने एक आवेदन के जरिए ये बताया है। चोकसी ने अपने वकील विजय अग्रवाल के जरिए 22 मई को मुंबई में स्पेशल क्क्र कोर्ट के समक्ष ये आवेदन दायर किया। इसमें कहा गया है कि कुछ वजहें उसके कंट्रोल से बाहर हैं। चोकसी ने याचिका में पासपोर्ट ऑफिस का नोटिस भी अटैच किया है। इसमें बताया गया है कि पासपोर्ट इसलिए सस्पेंड किया गया है, क्योंकि मेहुल चोकसी भारत की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके अलावा, याचिका में आगे कहा गया है कि उसने किसी भी स्नढ्ढक्र या श्वष्टढ्ढक्र दर्ज होने से बहुत पहले मेडिकल जांच और इलाज के लिए भारत छोड़ दिया था और अपने खिलाफ कोई मुकदमा दायर होने की जानकारी नहीं थी।

उसने आपराधिक मुकदमे से बचने के लिए भारत नहीं छोड़ा है। अदालत ने चोकसी की याचिका पर ईडी से जवाब तलब किया है। मामले की सुनवाई तीन जून तक के लिए स्थगित कर दी है। मेहुल चोकसी जनवरी 2018 में विदेश भाग गया था। बाद में पता चला कि वह 2017 में ही एंटीगुआ-बारबुडा की नागरिकता ले चुका था। इस घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसिया चौकसी के प्रत्यर्पण की कोशिश में जुटी हैं।

# खुलासा : पांच करोड़ की सुपारी देकर बांग्लादेशी सांसद की हत्या अमेरिकी दोस्त ने कराई

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के मर्डर के मामले में कोलकाता सीआईडी ने नया खुलासा किया है। ष्ठढ्ढष्ठ ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बांग्लादेशी सांसद का मर्डर उनके अमेरिकी दोस्त ने कराया। इसके लिए 5 करोड़ रुपए की सुपारी दी गई। आरोपी का कोलकाता में ही एक फ्लैट भी है। हत्या को पहले से रची गई साजिश के तहत अंजाम दिया गया।

दरअसल, अनवारुल इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आए थे। इसके अगले दिन ही वे लापता हो गए थे। कहा है कि उन्हें ऐसे सबूत मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है, कि बांग्लादेशी सांसद की हत्या हो चुकी है। हालांकि, अब तक उनका शव बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, बुधवार को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि न्यू टाउन इलाके में एक शव के टुकड़े मिले थे। तब इस बात की आशंका जताई गई थी



कि यह शव सांसद का हो सकता है। इससे पहले 22 मई को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पुलिस अनार की हत्या के मामले में छानबीन करने पहुंची थी। यह वही फ्लैट है, जहां अनार को आखिरी बार देखा गया था।

कोलकाता पुलिस ने इस मामले में 3 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। फोरेंसिक टीम गुरुवार को उस स्थान जगह पर पहुंची, जहां बांग्लादेशी सांसद की हत्या हुई थी। टीम ने उस जगह से मिली एक कार से सैंपल इकट्ठा किए। न्यूज एजेंसी सांसद अनवारुल 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। इसके अगले दिन ही वे लापता हो गए। 13 मई से अनवारुल का फोन भी बंद आ रहा था। इसके बाद 17 मई को उनका फोन बिहार के किसी इलाके में कुछ देर के लिए ऑन हुआ था। वहीं पुलिस का कहना है कि उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। यहां वे कुछ लोगों के साथ हैं, जिस वजह से उनसे संपर्क नहीं कर पाएंगे।

अनवारुल अजीम अनार प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी से सांसद हैं। वे जेनैदाह-4 सीट से 2014, 2018 और 2024 में चुनाव जीते। अनवारुल की मौत से पहले उनके परिवार वालों ने शेख हसीना से मिलकर मदद मांगी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अनवारुल 12 मई को शाम लगभग सात बजे अपने एक फैमिली फ्रेंड गोपाल बिस्वास से मिलने कोलकाता में उनके घर गए थे। अगले दिन दोपहर 1.41 बजे वह डॉक्टर से मिलने की बात कहकर वहां से रवाना हो गए। उन्होंने कहा था कि वह शाम को लौटेंगे। अनवारुल ने बिधान पार्क में कलकत्ता पब्लिक स्कूल के सामने से टैक्सी ली।

## पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगा संयुक्त अरब अमीरात


**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात ने पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और पाकिस्तानी प्रधान मंत्री मुहम्मद शाहबाज शरीफ के बीच अबू धाबी में गुरुवार को गोलमेज सम्मेलन ‘इनोवेट टुगेदर- यूएई-पाकिस्तान टेक कोलैबोरेशन‘ के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। बैठक में दोनों नेताओं ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जतायी। श्री शरीफ ने द्विपक्षीय सहयोग और संयुक्त उद्यमों की स्थापना के जरिए पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदलने के लिए अपनी सरकार का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए कृषि, खनन और उद्योग सहित पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का 60 फीसदी युवाओं की है।

# साइबर ठगी में फंसे कंबोडिया से 360 भारतीयों का रेस्क्यू

एजेंसी

**नामपेन्ह।** भारत ने कंबोडिया से 360 भारतीयों का रेस्क्यू किया है। इन्हें फ्रॉड एजेंसी ने नौकरी का लालच देकर कंबोडिया भेजा था। वहां इनसे साइबर फ्रॉड जैसे काम कराए जाते थे। भारतीय दूतावास गुरुवार (23 मई) को बताया कि इन्हें जिनबेई-4 नामक जगह से 20 मई को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। दूतावास के मुताबिक, 60 नागरिकों का पहला जत्था वापस स्वदेश लाया जा चुका है। दूतावास ने आगे कहा कि बाकी लोगों के ट्रैवल डॉक्यूमेंट और अन्य चीजों की जांच की जा रही है और उन्हें भी जल्द ही स्वदेश लाया जाएगा।

दूतावास ने बताया कि सिहानोकविले प्रशासन की मदद से ये ऑपरेशन चला। इसके लिए उन्होंने कंबोडियाई प्रशासन को धन्यवाद कहा है। भारतीय दूतावास कंबोडिया में नौकरी की चाहत रखने वालों के लिए लगातार एडवाइजरी जारी कर रहा है। एडवाइजरी में सलाह दी गई है कि सिर्फ विदेश मंत्रालय द्वारा एप्रूव किए गए एजेंटों की मदद से ही नौकरी की तलाश करें। इसमें खासतौर से टूरिस्ट वीजा पर नौकरी तलाश करने जाने वाले



**कंबोडिया में करीब 5,000 भारतीयों के फंसे होने का अंदेशा**

विशाखापत्तनम पुलिस कमिश्नर ए रविशंकर ने बताया कि कई लोगों ने वॉट्सएप के माध्यम से यहां की पुलिस से संपर्क किया है और अपनी पीड़ा बताई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को इससे जुड़े कई वीडियो भी मिले हैं। विशाखापत्तन ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस फकीरप्पा कगिनेली ने बताया कि करीब 5,000 भारतीय कंबोडिया में फंसे हुए हैं। 2 महीने पहले भी भारतीय दूतावास ने 250 भारतीय नागरिकों को बचाया था और सुरक्षित भारत भेजा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंबोडिया में साइबर ठग बनाए गए भारतीय श्वष्ठ और दूसरे कस्टम अधिकारी बनकर भारत में फोन करते थे। ये लोगों को कहते थे कि उनके भेजे गए पार्सल में संदिग्ध सामान मिला है। अगर वो पुलिस कार्रवाई से बचना चाहते हैं तो पैसे भेज दें।

इच्छुक लोगों को चेतावनी दी गई है। आंध्र प्रदेश पुलिस ने बीते दिनों विशाखापत्तनम में एक ह्यूमन ट्रैफिकिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने 18 मई को 3 लोगों को गिरफ्तार किया था। ये सिंगापुर में मोटी सैलरी मिलने का झांसा देकर युवाओं को फंसाते थे। इसके बाद उन्हें धोखे से कंबोडिया भेज दिया जाता था। पुलिस ने न्यूज एजेंसी क्क्षढ्ढ से मंगलवार (21 मई) को बताया था कि कंबोडिया में ह्यूमन ट्रैफिकिंग रैकेट के जाल में फंसे 300 भारतीयों ने विद्रोह कर दिया था। इसके बाद कई लोगों को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि इनमें से करीब 150 लोग एक साल से वहां फंसे हुए थे। चाईनीज हैंडलर इनसे साइब्रर क्राइम और पोंजी स्कैम कराते थे। कंबोडिया से रेस्क्यू किए गए एक शख्स ने अपनी पूरी कहानी मीडिया से बताई थी। उसने बताया था कि मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डेटा एंट्री की नौकरी ऑफर की। उसके बाद दो और लोगों को कंबोडिया ले जाया गया। उसने बताया कि उन्हें टूरिस्ट वीजा पर ले जाया गया। कंबोडिया पहुंचने पर उन्हें एक ऑफिस में ले जाया गया। यहां उनकी टाइप करने की स्पीड का टेस्ट हुआ और इंटरव्यू लिया गया। हालांकि, इस वक्त तक भी उन्हें नहीं मालूम था कि उनसे क्या कराया जाएगा। ऑफिस जॉइन करने के बाद उन्हें पता चला कि उनका काम फेसबुक पर उन लोगों के बारे में पता करना है जिनके साथ आसानी से ठगी हो सके। लोगों को फंसाने के लिए उनसे महिलाओं के नाम पर फेसबुक आईडी बनवाई जाती थी। उनसे ये सारा काम चीन की एक टीम कराती थी। एक मलेशिया का व्यक्ति उनके निर्देशों को इंग्लिश में ट्रांसलेट करता था।

# मई में 18 वर्षों में सर्वाधिक तेजी से बढ़ा रोजगार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कारोबारी गतिविधियों में मई में वृद्धि से सेवा क्षेत्र में अच्छी बढ़त दिखी है। इससे रोजगार क्षेत्र में 18 वर्षों यानी सितंबर, 2006 के बाद से निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन में सबसे तेज सुधार हुआ है। निर्यात भी रिकॉर्ड गति से बढ़ रहा है। एसएंडपी ग्लोबल के मुताबिक, मई में एचएसबीसी का इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई 61.7 पर पहुंच गया है।

आंकड़ों के मुताबिक, लगातार 34वें महीने पीएमआई सूचकांक 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर रहने का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और उससे नीचे का मतलब कमजोरी है। साथ ही, कारोबारी गतिविधियां चार महीने के शीर्ष पर पहुंच गई हैं। अप्रैल की अंतिम रीडिंग 61.5 से इस महीने थोड़ा बढ़कर 61.7 हो गया। इससे संकेत मिलता है कि आने वाले समय में गतिविधियों में तेजी बनी रहेगी। सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से कुल निर्यात सबसे तेज दर से बढ़ा है। यह दूसरी बार है जब



निर्यात वृद्धि ने इस साल एक नई ऊंचाई तय की है। इससे आने वाले 12 महीनों के लिए कारोबारी आत्मविश्वास बढ़ा है। देश में पुरानी कारों की मांग तेजी से बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2028 तक पुरानी कारों की बिक्री 1.09 करोड़ यूनिट तक पहुंचने की उम्मीद है। इनका कुल मूल्य दोगुना से ज्यादा बढ़कर 73 अरब डॉलर हो जाएगा। 2022-23 तक 51 लाख यूनिट कारें बिकी हैं। आईबीबी की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-2023 में पुरानी कारों के उद्योग का मूल्य 32.44 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया है, व्यक्तिगत रूप से बढ़ती प्राथमिकता के अलावा, बढ़ती खर्च की क्षमता और छोटे वाहन की मांग से पुरानी कारों की बिक्री बढ़ रही है। कोविड के बाद नए जमाने के खरीदारों के बीच पुरानी कारों की मांग वैश्विक स्तर पर ऊंची बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस तरह की कारों का भारतीय बाजार आगे और तेजी से बढ़ेगा, क्योंकि यह लोगों के बजट में आ रही हैं। वित्त वर्ष 2026-27 तक 80 लाख पुरानी कारों की बिक्री होने का अनुमान है। मकानों की बिक्री जोर पकड़ रही है। इससे बिना बिके मकानों की संख्या में भी गिरावट आ रही है। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में सबसे ज्यादा घर बिके हैं। सबसे कम बिना बिके मकान नोएडा और सबसे अधिक गुरुग्राम में बचे हैं। दूसरे शहरों में भी बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है। एनारॉक के मुताबिक, 2018 की पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में बिना बिके मकानों की संख्या 2.04 लाख थी। 2024 की पहली तिमाही में यह 57 फीसदी घटकर 86,420 रह गई। सबसे ज्यादा 71 फीसदी कमी नोएडा में आई है। नोएडा में 2018 की पहली तिमाही में बिना बिके मकानों की संख्या 71 फीसदी तक घटी है। पांच साल में ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद में बिना बिके मकानों की संख्या 70-70 फीसदी घटकर क्रमश- 18,668 और 11,011 रह गई। गुरुग्राम में 37 फीसदी घटकर 33,326 रह गई। हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई में बिना बिके मकानों की संख्या 11 फीसदी घटकर 1,75,520 रह गई है। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन व पुणे में इनकी संख्या 8 फीसदी घटकर 2,89,677 रह गई।

**टल सकता है भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा चार जुलाई को देश में आम चुनाव कराए जाने की अचानक घोषणा किए जाने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) टलने की आशंका है। ब्रिटेन में आम चुनाव से ठीक एक महीने पहले चार जून को भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों और रणनीतिक विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि परिणाम भले ही कुछ भी हो, द्विपक्षीय संबंधों में खास बदलाव नहीं होगा लेकिन जो एफटीए समझौता सुनक के नेतृत्व वाली ‘कंजर्वेटिव पार्टी’ की सरकार में होने की उम्मीद थी, उसके अब आम चुनाव की घोषणा के कारण टलने की आशंका है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए को लेकर बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और इसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाना है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच एक साल में करीब 38.1 अरब पाउंड का व्यापार होता है। चुनाव पूर्व के अधिकतर सर्वेक्षणों में विपक्षी दल ‘लेबर पार्टी’ आगे दिख रही है। हालांकि ‘लेबर पार्टी’ ने भी इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है लेकिन इसकी समय सीमा को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता।

## जहरीली गैस के रिसाव से भारतीय की मौत

**सिंगापुर।** मेंटैंक की नियमित सफाई करते समय जहरीली गैस का रिसाव होने से बृहस्पतिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान जाहिर नहीं की गयी है। खबर के मुताबिक वह 24 से 40 वर्ष की आयु के उन तीन लोगों में से एक था जो पूर्वाह्न 11 बजकर करीब 15 मिनट पर जलकल एजेंसी के चोआ चू कांग कार्यशाला में बेहोश पाए गए थे। खबर के मुताबिक तीनों को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कर्मी की मौत हो गई। पब्लिक यूटिलिटीज बोर्ड (पीयूबी) ने एक बयान में कहा कि दो अन्य कर्मचारी एनजी टेंग फोंग जनरल अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती हैं। मानवबल मंत्रालय (एमओएम) ने एक बयान में बताया कि दोनों व्यक्तियों की उम्र क्रमश-24 और 39 वर्ष है और वे मलेशियाई हैं एवं सामान्य कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि भारतीय नागरिक को सुपरसोनिक मेंटेनेंस सर्विसेज ने सफाई संचालन प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया था।

# एअर इंडिया ने पायलटों की के वेतन में किया 15,000 तक इजाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एअर इंडिया ने 23 मई को पायलटों के लिए 1 अप्रैल से 15,000 रुपए तक के सैलरी हाइक और 1.8 लाख रुपए तक के एनुअल परफॉर्मेंस बोनस का ऐलान किया है। कंपनी ने ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इस बात की घोषणा की है।

कंपनी के स्टेटमेंट के अनुसार, एयरलाइन ने फर्स्ट ऑफिसर से सीनियर कमांडर तक प्रति माह फिक्स्ड पे में 5,000 रुपए से 15,000 रुपए के बीच सैलरी में बढ़ोतरी की है। इस अप्रेजल सीजन में जूनियर फर्स्ट ऑफिसर्स के लिए कोई सैलरी हाइक नहीं किया गया है। हालांकि, एअर इंडिया ने जूनियर फर्स्ट ऑफिसर से लेकर सीनियर कमांडर तक के लिए प्रति वर्ष 42,000 रुपए से 1.8 लाख रुपए के बोनस की घोषणा भी की है। फर्स्ट ऑफिसर और कैप्टन को 60,000 रुपए एनुअल बोनस मिलेगा। वहीं कमांडर को 1.32 लाख रुपए और सीनियर कमांडर को 1.80 लाख रुपए बोनस मिलेगा। एयरलाइन ने उन पायलटों के लिए मुआवजे की भी घोषणा की है, जिन्हें अपने ग्राउंड और सिम्युलेटर ट्रेनिंग में इन-ऑर्डिनेटेड डीले यानी अत्यधिक देरी का सामना करना पड़ा है। एअर इंडिया ने कहा, जिन पायलटों ने अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कमांड अपग्रेड और कन्वर्जन ट्रेनिंग ली थी और जिनकी ट्रेनिंग में जस्टिफिएबल ऑर्गेनाइजेशनल रीजन से देरी हुई थी। उन्हें 40 घंटे की फ्लाइंग की गारंटी से परे ट्रेनिंग में बिताए गए समय के लिए अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा। इन पायलटों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा और पेआउट जून के फ्लाइंग अलाउंस के साथ किया जाएगा। एक दिन पहले एअर इंडिया एक्सप्रेस यूनियन ने फ्लाइट डिले और कैंसिलेशंस के बारे में चिंता व्यक्त की थी। इस पर यूनियन ने कहा था कि डिपार्चर की कम संख्या से केबिन क्रू की सैलरी पर प्रभाव पड़ रहा है।

# पुणे में बच्चों को बेहद पसंद आएंगी यह तीन जगहें, ढेर सारी कर सकेंगे मस्ती



गर्मी की छुट्टियां होते ही बच्चे पेरेंट्स से कहीं बाहर घुमाने की जिद करने लगते हैं। लेकिन इस गर्मी में बच्चों को कहां ले जाया जाए, इसको लेकर पेरेंट्स कंफ्यूज रहते हैं। तो बता दें कि आप हर वीकेंड बच्चों को इन जगहों पर घुमाने के लिए ले जा सकते हैं। गर्मी की छुट्टियां होते ही बच्चे पेरेंट्स से कहीं बाहर घुमाने की जिद करने लगते हैं। लेकिन इस गर्मी में बच्चों को कहां ले जाया जाए, इसको लेकर पेरेंट्स कंफ्यूज रहते हैं। तो अब आपको बच्चों को घुमाने के लिए पुणे से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। साथ ही बच्चों को घुमाने लेकर जाने के लिए आपको ऑफिस से भी छुट्टी नहीं करनी पड़ेगी। क्योंकि आप सिर्फ एक दिन में बच्चों को ट्रिप पूरी करवा सकते हैं। आप चाहें तो हर वीकेंड बच्चों को इन जगहों पर घुमाने के लिए ले जा सकते हैं।

### एडवेंचर पार्क

बच्चों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आप एडवेंचर पार्क जा सकते हैं। गो क्रेज़ी एडवेंचर पार्क हर बच्चे को काफी ज्यादा पसंद आएगा। यहां पर आपको हरे-भरे पेड़ों के आसपास कई बच्चे खेलते नजर आएंगे। इसके अलावा यहां पर कई तरह की एक्टिविटी होती है। एटीवी बाइक, दीवार पर चढ़ना, राइफल शूटिंग, बंजी ट्रैम्पोलिन और राइफल शूट जैसी एक्टिविटी में हिस्सा ले सकते हैं।

### राजीव गांधी प्राणी उद्यान

पुणे स्थित राजीव गांधी प्राणी उद्यान बच्चों के घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में शामिल हैं। यह उद्यान 130 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां पर आप फैमिली ट्रिप और बच्चों के साथ पिकनिक के लिए आ सकते हैं। राजीव गांधी प्राणी उद्यान में आपको काले हिरण, बंदर, तेदुंए और हाथी जैसे कई जानवर देखने को मिलेंगे।

### पाषाण झील

अगर आप भी किसी शांत व सुकून वाली जगह पर वीकेंड एंज्वॉय करने का प्लान कर रहे हैं, तो पाषाण झील एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। साथ ही बच्चों को भी यह जगह काफी पसंद आएगी।

कुछ समय बच्चों को यहां पर खेलने दें और आप पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। पाषाण झील का निर्माण ब्रिटिश काल में किया गया था। आसपास की सुंदरता इस झील की खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। यहां 300 मीटर लंबा हरे-भरे पेड़ों वाले रास्ते हैं। जहां पर आप बच्चों के साथ वॉक कर सकते हैं।

### पुणे ओकायामा फ्रेंडशिप गार्डन

बता दें कि पुणे में स्थित यह फेमस जापानी गार्डन है। इसको भारत का सबसे बड़ा जापानी गार्डन माना जाता है। यहां पर शाम के समय आप बच्चों के साथ पिकनिक के लिए आ सकते हैं। यहां पर बच्चों के साथ कई गेम भी खेल सकते हैं। इसके साथ ही जापानी गार्डन में सुंदर छोटी लेक भी है, जहां पर आप आराम कर सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर से बिलकुल नजदीक में है ये हिल स्टेशन, गर्मी से बचने के लिए बनाएं घूमने का प्लान



ग्रेटर नोएडा के आसपास घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आप भी भीषण गर्मी से बचने के लिए। इन हिल स्टेशन पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां आप फैमिली या दोस्तों के साथ आराम से घूम सकते हैं। गर्मियों के ये सबसे बेस्ट हिल स्टेशन हैं।

चुभती-जलती गर्मी से बचने के लिए हिल स्टेशन पर जाना सबसे अच्छा होगा, ऐसे में सूरज आग के गोले बरसा रहे। दिल्ली-एनसीआर वाले भीषण गर्मी से बचने के लिए हिल स्टेशन पर घूमने का प्लान बनाएं। चलिए इस लेख मे हम आपको बताएंगे ऐसे हिल स्टेशन के नान जिनके बारे में हर कोई नहीं जानता है। अगर आप भी पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे है तो आप इन हिल स्टेशन पर जरुर जाएं। यह दिल्ली-एनसीआर के बेहद नजदीक है। अगर आप पहाडों वाली जगहों के शौकीन हैं, तो फिर उत्तराखंड के सबसे खूबसूरत यह जगह है, जिसके बारे में हर कोई नहीं जानता। सत्ताल में अक्सर धुंध में छिपी रहती है, लेकिन जब बादल छटते हैं, तो नीला आसमान, घने हरे जंगल और फिरोजी रंग की सत्ताल झील देखकर लोगों के मुंह से ह्लह्व निकल जाता है। यहां पर आप झील में बोटिंग या कयाकिंग का मजा ले सकते हैं और ट्रेकिंग कर सकते है। यह ग्रेटर नोएडा से सत्ताल की दूरी 313 किमी के आसपास है।

### कसौली

यह हिल स्टेशन बेहद पॉपुलर है, यहां की खासियत है चर्चों की गॉथिक बनावट, जो देखने में कमाल की लगती है। घने जंगलों के बीच से बर्फ से ढकी पहाड़ियों का नजारा ऐसा है कि मन मोह लेता है। वहीं यह हिल स्टेशन इन दिन प्री-वेडिंग शूट्स के लिए भी खूब सुर्खियों में है। अगर आप कसौली घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो कसौली ब्रुअरी! ये स्कॉच व्हिस्की बनाने वाली सबसे पुरानी चलती हुई फैक्ट्री है। दिल्ली-एनसीआर से 352 किमी के आसपास

### चायल जैसी शांत जगह

हिमाचल प्रदेश का यह हिल स्टेशन सबसे खूबसूरत है। ये जगह घूमने के लिए सबसे शानदार है, यहां चारों तरफ ऊंचे-ऊंचे चीड़ और देवदार के पेड़, लेकिन यहां की शांति लोगों को सबसे ज्यादा पसंद आती है। ये जगह ट्रेकिंग के लिए सबसे मस्त है। यह ग्रेटर नोएडा से 401 किमी के आसपास

### मैक्लोडगंज

यह जगह गर्मियों में घूमने के लिए सबसे बढ़िया है। यहां हाल ही में खुले प्यारे से कैफे इंस्टाग्राम पर फोटोज डालने के लिए परफेक्ट हैं। यहां घूमने के लिए लगभग हर कैफे या मठ तक पैदल जा सकते हैं। यहां का सबसे फेमस ट्रैक है ट्रायुंड ट्रैक, जहां लोग दूर-दूर से ट्रेकिंग करने के लिए आते हैं। ये जगह फैमिली के साथ भी घूमने के लिए बेहद बढ़िया है।

# 90 प्रतिशत बीमारियों का कारण है तनाव, इन आदतों में करें बदलाव



अगर आप तनाव, एंग्जायटी और डिप्रेशन से परेशान हैं, तो आपको एक थेरेपिस्ट की मदद की जरुरत है। गर आप भी तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहे हैं तो आपको थेरेपिस्ट को जरुर दिखाना चाहिए। चलिए आपको बताते हैं स्ट्रेस कम करने के उपाय। आजकल सबसे ज्यादा मानसिक तनाव या स्ट्रेस हर किसी के जीवन का हिस्सा बन चुका है। बच्चों में भी स्ट्रेस देखने को मिलता है। दुनिया भर के शोध में पता चला है कि 90त्न बीमारियों और रोगों का कारण तनाव से जुड़ा है। इसी कारण यह बहुत जरुरी है कि समय रहते हुए इससे छुटकारा पाया जाए। अगर आप भी तनाव और डिप्रेशन से जूझ रहे हैं तो आपको थेरेपिस्ट को जरुर दिखाना चाहिए। चलिए आपको बताते हैं स्ट्रेस कम करने के उपाय।

**अधिक चिंता हो सकती है खतरनाक**

आमतौर पर हमारे बड़े-बूढ़ों ने हमेशा कहा है कि, चिंता चिता समान है। डॉक्टर्स ने भी माना है कि चिंता बहुत ही खतरनाक हो सकती है। टेंशन और तनाव की वजह से नींद के पैटर्न में काफी बदलाव होता है इसके साथ ही कई बीमारियों का कारण बन सकता है। तनाव की वजह से अपच, पेट दर्द, दस्त और कब्ज जैसी पाचन समस्याओं का भी कारण हो सकता है। यह आपकी इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है।

**टीवी देखने को न समझें स्ट्रेस मैनेजमेंट**

स्ट्रेस मैनेजमेंट एक्सपर्ट बताते हैं कि स्ट्रेस मैनेजमेंट सीखकर आप जिंदगी को आसान और सरल बना सकते हैं। वहीं कई लोग तनाव को कम करने के लिए टीवी देखते हैं, लेकिन यह सिर्फ इस तक सीमित नहीं है। इसके अलावा आप वॉकिंग, रनिंग, गार्डनिंग, स्विमिंग, फैमिली-फ्रेंडस के साथ आउटिंग, पेंटिंग, एरोबिक्स जैसी एक्टिविटीज आसानी से कर सकते हैं। जो आपके माइंड को रिलेक्स करेगी। हर आदत जो आपको खुश रखती है, वो स्ट्रेस मैनेजमेंट का हिस्सा है।

**एक्सरसाइज करना जरुरी**

तनाव को कम करने के लिए एक्सरसाइज सबसे कारगर तरीका है। नियमित रुप से एक्सरसाइज करने से आपके स्ट्रेस को बर्न कर देते है और आपके दिमाग को रिलेक्स करती है। कई रिसर्च में पाया गया है कि डिप्रेशन के दौरान एक्सरसाइज करने से काफी रिलेक्स फील होता है। रोजाना कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करें।

**मल्टी विटामिन और न्यूट्रिशन पर ध्यान दें**

स्ट्रेस से बचने के लिए आपको पोषक तत्व और मल्टी विटामिन से भरपूर डाइट लेना बेहद फायदेमंद साबित होगा। अपनी डाइट में विटामिन सी और बी कॉम्प्लेक्स जरुर शामिल करें। विटामिन बी6 और बी5 , फोलिक एसिड, जिंक और मैग्नीशियम भी आपकी फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए बेहतर साबित होंगे।

## ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी को दूर करेंगी ये पांच चीजें

ओमेगा -3 फैटी एसिड कमी होने से शरीर में काफी समस्या देखने को मिलती है। ओमेगा -3 फैटी एसिड की कमी से मानसिक और दिल से जुड़ी समस्याएं देखने को मिलती है। अगर आप मछली नहीं खाते हैं, तो कई शाकाहारी फूड्स का सेवन कर सकते हैं।

ओमेगा-3 फैटी एसिड शरीर के काम को बेहतर करता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड एक तरह का पॉलीअनसेचुरेटेड फैट होता है, जो शरीर के कई कामों के लिए जरुरी होता है। यह दिल और दिमाग दोनों को हेल्दी रखता है और सूजन को भी कम करता है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड के फायदे**

ओमेगा-3 फैटी एसिड लेने से दिमागी कमजोरी के जोखिम को कम कर सकते है और यह अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इतना ही नहीं एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गठिया जैसी सूजन संबंधी बीमारियों को रोकते हैं। यह उम्र बढ़ने से जुड़ी आंखों की समस्याओं का खतरा भी कम करती है।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी को दूर करने करने के लिए इन चीजों का करें सेवन



अलसी के बीज : अलसी में सबसे ज्यादा ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। आप इसे आसानी से डाइट में शामिल करें। अलसी को पीसकर स्मूदी, ओटमील या बेक्ड चीजों में डाल सकते हैं।

**चिया सीड्स** : चिया सीड्स भी ओमेगा-3 का बेहतरीन सॉर्स है, इसके साथ ही इनमें फाइबर और प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है। इसे आप पानी में भिगोकर जैल जैसा बनाकर और फिर पुडिंग में इस्तेमाल कर सकते है या दही और सलाद में डाल सकते हैं।

**अखरोट** : अखरोट दिमाग के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। अखरोट में पर्याप्त मात्रा में्रु होता है और साथ ही इसमें प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाता है। इसे आप शाम के टाइम खा सकते हैं या फिर सलाद, ओटमील या बेक्ड चीजों में डाल सकते हैं।

**हेम्प सीड्स** : हेम्प सीड्स में भरपूर मात्रा में प्रोटीन का स्रोत होता हैं और इनमें ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड संतुलित अनुपात होता है। इन्हें सलाद, सूप या दही के ऊपर छिड़ककर पोषण बढ़ाया जा सकता है।

**अल्गल ऑयल** : अल्गल ऑयल सीधे शैवाल से प्राप्त है और यह श्चक्कऔर ष्ठ॥ दोनों का एक शाकाहारी स्रोत है। यह सप्लीमेंट के रुप में यूज किया जाता है और इसका इस्तेमाल इन आवश्यक फैटी एसिडों का पर्याप्त सेवन सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। यह उन लोगों के लिए जरुरी है जो शाकाहारी भोजन करते हैं। ओमेगा-3 फैटी एसिड एक तरह का पॉलीअनसेचुरेटेड फैट होता है, जो शरीर के कई कामों के लिए जरुरी होता है। यह दिल और दिमाग दोनों को हेल्दी रखता है और सूजन को भी कम करता है।

# अस्पताल से डिस्चार्ज हुए शाहरुख खान, बेटी सुहाना और अबराम आए साथ नजर



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के फैंस बुधवार की शाम तब परेशान हो गए जब खबर आई कि अभिनेता की तबीयत अचानक बिगड़ गई है, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तबीयत खराब होने के बाद शाहरुख खान को अहमदाबाद के केडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। फैंस लगातार अपने फेवरेट स्टार की तबीयत के बारे में जानने को बेताब थे। फैंस ये जानने के लिए परेशान थे कि किंग खान की तबीयत कैसी है। शाहरुख की मैनेजर पूजा ददलानी ने उनका हेल्थ अपडेट जारी करते हुए बताया था कि किंग खान की तबीयत अब ठीक है। अब किंग खान के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। अभिनेता को गुरुवार की शाम ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और अब अभिनेता मुंबई पहुंच चुके हैं। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने एक पोस्ट के साथ इस बात की जानकारी दी है। विरल भयानी ने मुंबई के एक प्राइवेट एयरपोर्ट के बाहर की तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि किंग खान प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन से अहमदाबाद से मुंबई लौटे हैं। क्योंकि, शाहरुख को लू और डिहाईड्रेशन के कारण भर्ती कराया गया था, इसलिए सुपरस्टार को सूरज की तेज किरणों से बचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए थे। तभी एक शख्स छाता लिए नजर आ रहा है। बता दें, शाहरुख की तबीयत खराब होने के बाद पत्नी गौरी खान भी उनके साथ अस्पताल में ही थीं। केडी अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, शाहरुख की तबीयत डिहाइड्रेशन के चलते खराब हुई थी। शाहरुख की दोस्त और अभिनेत्री जूही चावला भी अभिनेता से मिलने के लिए अस्पताल पहुंची थीं, जिन्होंने किंग खान का हेल्थ अपडेट भी दिया था। जूही चावला ने शाहरुख खान की सेहत के बारे में जानकारी देते हुए बताया था कि- 'मंगलवार रात से ही शाहरुख की तबीयत ठीक नहीं थी, हालांकि, अब उनका ख्याल रखा जा रहा है और अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। भगवान ने चाहा तो शाहरुख जल्द ही उठेंगे और वीकेंड में जब टीम फाइनल खेल रही होगी, एक बार फिर स्टेडियम में टीम का हौसला बढ़ाते दिखाई देंगे।' शाहरुख खान के अस्पताल में भर्ती होने की खबर सामने आने के तुरंत बाद पत्नी गौरी खान भी केडी अस्पताल पहुंच गई। दूसरी तरफ, पापा के साथ टीम का सपोर्ट करने अहमदाबाद पहुंचीं सुहाना खान अपनी करीबी दोस्तों अनन्या पांडे, नव्या नंदा और शनाया कपूर के साथ मुंबई वापस आ गई। अपनी दोस्तों के साथ सुहाना को मुंबई के एक प्राइवेट हवाई अड्डे पर देखा गया। बता दें कि डिहाइड्रेशन के चलते शाहरुख खान को बुधवार की शाम करीब 4 बजे अहमदाबाद के केडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शाहरुख अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को सपोर्ट करने के लिए अहमदाबाद पहुंचे थे। किंग खान अहमदाबद के आईटीसी नर्मदा होटल में रुके थे। फिलहाल खबर है कि शाहरुख अब ठीक हैं आज किंग खान को छुट्टी भी दे दी गई है।

# क्या दिमाग में भी छाता है कोहरा : क्या है ब्रेन फॉग, चीज सामने रखी हो तो भी दिखाई नहीं देती, ब्रेन को कैसे रखें हेल्दी



सर्दी के मौसम में रोड एक्सीडेंट का खतरा ज्यादा होता है। इसकी वजह है फॉग यानी कोहरा। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है, कुछ भी स्पष्ट दिखना बंद हो जाता है। फॉगिंग के चलते छाए धुंधलके की वजह से बेहद करीब चल रही गाड़ियां भी नजर नहीं आती हैं। नतीजतन एक्सीडेंट के केस बढ़ जाते हैं। ऐसा ही कोहरा हमारे दिमाग में भी हो सकता है। इसे ब्रेन फॉगिंग कहते हैं। हालांकि, ब्रेन फॉग किसी भी मौसम में हो सकता है। जबकि, इस फॉगिंग का असर भी सर्दी के कोहरे जैसा होता है। सामने रखी चीजें भी दिखना बंद हो जाती हैं। हमें अपने ब्रेन में सेव मैमोरी को खंगालने में भी दिक्कत होने लगती है। कहां क्या सेव है, दिमाग को पता ही नहीं चलता। ब्रेन की मैमोरी का एक्सेस कमजोर पड़ जाता है और फंक्शनिंग भी खराब हो जाती है।

ऐसा कई बार होता है कि ड्रॉर में रखी चाभी नहीं मिलती, कभी अलमारी में टंगे कपड़े नहीं मिलते हैं। किसी काम से किचन तक जाते हैं और उसे पूरा किए बगैर ही लौट आते हैं। किसी से बात करते-करते भूल जाते हैं कि हम किसी को क्या बताना चाह रहे थे। किसी का नाम भूल जाते हैं और खूब कोशिश के बाद भी याद नहीं आता। ये सब ब्रेन फॉगिंग के लक्षण हो सकते हैं। हममें से कई लोगों ने कभी-न-कभी इन लक्षणों का सामना किया होगा, लेकिन समझ नहीं पाते कि ऐसा क्यों हो रहा है। हो सकता है कि ऐसा ब्रेन फॉगिंग के कारण हो रहा हो।

**ब्रेन फॉगिंग क्यों होती है?**

**इससे किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं?**

**हम ब्रेन फॉगिंग से कैसे बच सकते हैं?**

**ब्रेन फॉगिंग क्या होती है?**

ब्रेन फॉगिंग कोई मेडिकल कंडीशन नहीं है। हालांकि, यह किसी मेडिकल कंडीशन का लक्षण जरूर हो सकता है। यह कॉग्निटिव फंक्शन कमजोर होने के कारण सामने आ रहे कई लक्षणों का समुच्चय है। इन सभी संकेतों को एक शब्द में ब्रेन फॉगिंग कहा जाता है। यह कोई साइंटिफिक टर्म भी नहीं है। बोलचाल की भाषा से चलन में आ गया है, जिसे मेडिसिन लैंग्वेज ने भी एक्सेप्ट कर लिया है। इसके कारण स्पष्ट रूप से सोचने, फोकस करने, ध्यान केंद्रित करने, किसी चीज को याद करने में समस्या आने लगती है। इसके कारण रोजमर्रा के कामकाज बाधित होने लगते हैं। सामान्य बातचीत करने और इंस्ट्रक्शंस फॉलो करने में भी दिक्कत आने लगती है।

**ब्रेन फॉगिंग में किस तरह के लक्षण महसूस होते हैं, आइए ग्राफिक से समझते हैं।**

किसी बीमारी से उबरने के बाद हमें कई दिनों तक कमजोरी सी महसूस होती रहती है। कुछ भी करने का मन नहीं करता है। यह थकान शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की होती है। यह बीमारी के चलते हुए नुकसान या दवाओं के साइड इफेक्ट्स के कारण भी हो सकता है। यह भी ब्रेन फॉगिंग का लक्षण है।

**ब्रेन फॉगिंग क्यों होती है**

ब्रेन फॉगिंग का प्रमुख कारण हमारी खराब लाइफ स्टाइल है। नींद पूरी न होना, जंकफूड खाना, ज्यादा चीनी खाना, स्वीट ब्रेवरेज पीना और स्ट्रेस लेने जैसे कई कारण हो सकते हैं। इनके कारण हॉर्मोनल इंबैलेंस होता है और हमारी ब्रेन फंक्शनिंग पर असर पड़ता है।

**स्ट्रेस**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में साल 2017 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, क्रॉनिक स्ट्रेस से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है और डिप्रेशन ट्रिगर कर सकता है। इससे मेंटल फटीग भी हो सकता है। जब हमारा ब्रेन थक जाता है तो सोचने, एनालाइज करने और ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल आने लगती है। यही ब्रेन फॉगिंग है।

**नींद पूरी न होना**

नेचर में साल 2021 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, पुअर स्लीप क्वालिटी और नींद पूरी न होने से हमारी ब्रेन फंक्शनिंग प्रभावित होती है। हमें प्रतिदिन कम-से-कम 7 से 8 घंटे की नींद की जरूरत होती है। इससे कम नींद लेने से एकाग्रता में कमी आती है और सोचने की क्षमता भी प्रभावित होती है।

**हॉर्मोनल बदलाव**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में साल 2018 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, हॉर्मोनल बदलाव के कारण भी ब्रेन फॉगिंग हो सकती है। प्रेग्नेंसी के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हॉर्मोन्स का लेवल बढ़ जाता है। इस बदलाव का असर हमारी मैमोरी पर पड़ता है। इससे कॉग्निटिव फंक्शनिंग भी कमजोर पड़ सकती है। इसी तरह पीरियड्स के दौरान एस्ट्रोजन लेवल में गिरावट के कारण चीजें भूलने की समस्या, एकाग्रता में कमी और थॉट क्लाउडिंग हो सकती है। ये सभी ब्रेन फॉगिंग के लक्षण हैं।

**नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में साल 2018 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, हॉर्मोनल बदलाव के कारण भी ब्रेन फॉगिंग हो सकती है। प्रेग्नेंसी के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हॉर्मोन्स का लेवल बढ़ जाता है। इस बदलाव का असर हमारी मैमोरी पर पड़ता है। इससे कॉग्निटिव फंक्शनिंग भी कमजोर पड़ सकती है। इसी तरह पीरियड्स के दौरान एस्ट्रोजन लेवल में गिरावट के कारण चीजें भूलने की समस्या, एकाग्रता में कमी और थॉट क्लाउडिंग हो सकती है। ये सभी ब्रेन फॉगिंग के लक्षण हैं।**

**खराब खानपान**

हम जैसा खाना खाते हैं, इसका हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की साल 2019 की एक स्टडी के मुताबिक, विटामिन क्च12 हेल्दी ब्रेन फंक्शनिंग के लिए बेहद जरूरी है। अगर इसकी कमी हो जाए तो ब्रेन फॉगिंग हो सकती है। किसी फूड आइटम से एलर्जी या सेंसिटिविटी के कारण भी ऐसा हो सकता है। चीनी या बहुत मीठी चीज खाने, मूंगफली और डेयरी प्रोडक्ट्स खाने से भी ब्रेन फॉगिंग ट्रिगर हो सकती है।

**दवाओं के साइड इफेक्ट्स**

दवाएं खाने के बाद अकसर ब्रेन फॉगिंग हो जाती है। असल में दवाएं हमारे न्यूरॉन्स को प्रभावित करती हैं। इनसे नींद भी प्रभावित होती है, जो ब्रेन फॉगिंग का कारण हो सकता है। अगर किसी दवा के कारण ऐसा हो रहा है तो इस बारे में डॉक्टर से बात करनी चाहिए। आपने और हमने कई लोगों को कहते सुना होगा कि दवा के चलते नशा सा महसूस हो रहा है। दवा खाई थी, इसलिए देर तक सोते रह गए। यह सब ब्रेन फॉगिंग के कारण होता है।

**मेडिकल कंडीशन**

कोई ऐसी बीमारी जिसमें इंफ्लेमेशन का खतरा है और थकान महसूस होती है। ब्लड शुगर लेवल फ्लक्चुएट करता है तो मेंटल फटीग हो सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में साल 2020 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, ब्रेन फॉगिंग क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम (ष्टस्नस्) का एक लक्षण है। अगल लंबे अरसे तक थकान महसूस होती रहे तो यह ब्रेन फॉगिंग का कारण बन सकता है।

## ऐश्वर्या राय ने बेटी आराध्या के साथ मनाया मां का जन्मदिन, पार्टी से गायब दिखे अभिषेक बच्चन



अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपनी मां के जन्मदिन की कुछ खूबसूरत तस्वीरे शेयर की हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हाल ही में कांस फिल्म फेस्टिवल 2024 से मुंबई लौटीं ऐश्वर्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी मां बृंदा राय के खास दिन की झलक फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां और बेटी आराध्या बच्चन के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। कांस 2024 में अपने ग्लैमरस लुक के बाद अब बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। ऐश्वर्या की मां बृंदा राय के जन्मदिन पर उनके पति अभिषेक बच्चन नजर नहीं आए। इस जश्न में एक्ट्रेस अपनी बेटी आराध्या संग दिखाई दी। तस्वीरें शेयर करते हुए ऐश्वर्या ने लिखा, 'लव यू बर्थडे गर्ल, सबसे प्यारी मम्मी-डोड्डा।' अभिनेत्री ऑल ब्लैक आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं पहली बार आराध्या बच्चन को नए लुक में देखा गया। इन तस्वीरों में आराध्या को अपनी नानी पर खूब प्यार लुटाते हुए देखा जा सकता है। ऐश्वर्या राय बच्चन ने सबसे पहले एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उनकी मां के सामने कई सारे केक दिख रहे हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या राय अपनी मां और बेटी आराध्या बच्चन के साथ पोज दे रही हैं। जहां तक ग्लैमर की बात है तो उन्होंने विंग आईलाइनर और बोल्ड रेड लिपस्टिक लगाया हुआ था। वहीं तस्वीर में उनका फ्रैक्चर वाला हाथ भी दिखाई दे रहा है। ऐश्वर्या राय ने 2002 में कांस फिल्म फेस्टिवल में डिजाइनर नीता लुल्ला की साड़ी पहनकर डेब्यू किया था।